**जबलपुर**
बुधवार, 29 जुलाई 2026
- आषाढ़ मास 'शुक्ल पक्ष-15
- वर्ष : 21, अंक : 88
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







## व्यास पूर्णिमा पर 'हरिभूमि' ने देश के प्रख्यात 4 संतों से जाना गुरु की महिमा के बारे में

**श्री श्री रविशंकर**, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन

### 1 गुरु जीवन में सर्किट ब्रेकर की भांति करते हैं 'काम'



जिस प्रकार गलियों के बिना शहर, खजाने के बिना राजा और व्यापार के बिना व्यापारी अधूरा है, उसी प्रकार गुरु के बिना जीवन दिशाहीन होता है। जीवन में सुख-दुःख और हर्ष-विषाद जैसे विरोधाभासों के बीच जब मन विचलित होता है, तब निष्पक्ष ज्ञान ही अंधकार का नाश करता है। जब अपनी ही समस्याओं में विवेक धुंधला पड़ जाता है, तब गुरु जीवन में सर्किट ब्रेकर की भांति काम करते हैं। वे हमारी चेतना को टूटने से बचाते हैं, व्याकुलता में आश्रय देते हैं और हमें निश्चिंत होकर जीना है।

**पं. प्रदीप मिश्रा**, अध्यात्मिक कथा वाचक

### 2 किसी ढोंगी से बेहतर है महादेव को गुरु बना लें



आज के आधुनिक दौर में जहां लोग भीड़ और दिखावे को देखकर गुरु चुनते हैं। वहीं मेरा मानना है कि सच्चा गुरु बाह्य आडंबरों और धन-प्रलोभनों से सर्वथा परे होना चाहिए। आधुनिक समय में ऐसा गुरु ऐसा होना चाहिए जो केवल बाहरी रूप-रंग न देखे, बल्कि शिष्य का चेहरा देखते ही उसके मन के दुख, विचारों और आंतरिक स्थिति को भांप सके। गुरु का वास्तविक कर्तव्य शिष्य को अपने से बांधकर रखना नहीं, बल्कि उसका हाथ पकड़कर सीधे परमात्मा की भक्ति से जोड़ना है।

**पं. गुरुशरण शर्मा**, पंडोखर सरकार


### 3 गुरु को अपने शिष्यों को 'समर्थ' बनाना चाहिए



गुरु ऐसा होना चाहिए जो केवल उपदेश न दे, बल्कि अपने तप, आध्यात्मिक शक्ति और व्यावहारिक मार्गदर्शन से शिष्य की वास्तविक समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान कर सके। इस वैज्ञानिक और आधुनिक दौर में गुरु को केवल सैद्धांतिक बातों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शिष्य की आस्था को प्रमाणित और सुदृढ़ करने योग्य सामर्थ्य रखना चाहिए। सच्चा गुरु वही है जो बिना किसी भेदभाव के शिष्य के भूत, वर्तमान और भविष्य की उलझनों को समझकर उसे सही राह दिखाए।

**पं.धीरेंद्र शास्त्री**, पीठाधीश्वर, बागेश्वर धाम

### 4 शिष्य को भारीपन व तनाव से मुक्त कर सके, वही गुरु



भौतिकवादी युग में गुरु का व्यक्तित्व आडंबरमुक्त, जीवंत और सनातन धर्म के संस्कारों से परिपूर्ण होना चाहिए। मेरा मानना है कि गुरु में साधुता और गंभीरता के साथ-साथ एक सहज चंचलता व प्रसन्नता भी होनी चाहिए, जो शिष्य को जीवन के भारीपन और तनाव से मुक्त कर सके। सच्चा गुरु वही है जो अपनी सिद्धि या सामर्थ्य का उपयोग केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए करे।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

### रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सतीश कुमार का यह कार्यकाल विस्तार 1 सितंबर, 2026 से पुनर्नियोजन अनुबंध के आधार पर लागू होगा। वह मौजूदा नियमों और शर्तों के तहत अगले आदेश तक अपने पद पर बने रहेंगे। यह नियुक्ति भारतीय रेलवे नियम, 2025 में विशेष छूट देकर की गई है।



### देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के एवरग्रीन स्टार दिवंगत देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने लंदन में अंतिम सांस ली, जहां दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। उनकी पोती जीना नारंग ने इस दुखद खबर की पुष्टि करते हुए परिवार की ओर से शोक संदेश जारी किया और इस कठिन समय में प्राइवेसी की अपील की। सुनील आनंद ने अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए साल 1984 में फिल्म 'आनंद और आनंद' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने दो अन्य फिल्मों में भी अभिनय किया, हालांकि वे अपने पिता जैसी सफलता हासिल नहीं कर सके।



**मोहन सरकार का बड़ा फैसला :** 7 अगस्त से पूरे प्रदेश में शुरू होगा जन विश्वास अभियान, 8 जनवरी तक चलेगा

# जनविश्वास अभियान के जरिए सरकार हर शुक्रवार 'जनता के द्वार' पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सरकार ने जन समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए उन्होंने जन विश्वास अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अभियान समूचे प्रदेश में 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। अभियान का मूल मंत्र संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी रहेगा। सरकार प्रत्येक शुक्रवार को गांवों व शहरी क्षेत्रों में वार्डो में पहुंचकर जमीनी हकीकत जानेगी और समस्याओं का समाधान करेगी। इसमें मुख्यमंत्री (समय-समय पर) जबकि सभी मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी मौके पर रहेंगे। इस दिन सरकार की सभी बैठकें निरस्त रहेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में यह जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कैबिनेट के सामने अभियान को लेकर सरकार की तैयारी का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार को जनता के करीब लाना, प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता को मजबूत करना है। अभियान के तहत मंत्री, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी गांवों एवं शहरी वार्डों में पहुंचकर आम जनता से सीधे संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

> *मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कैबिनेट के सामने अभियान को लेकर सरकार की तैयारी का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया*

**अभियान का मूल मंत्र 'संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी'**



- *मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री, विधायक, कलेक्टर और अधिकारी गांव-वार्डों में पहुंचकर सुनेंगे समस्याएं*
- *शुक्रवार के दिन सरकार की सभी बैठकें निरस्त रहेंगी*
- *मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों से अभियान की शुरुआत करेंगे*

#### हर शुक्रवार फील्ड में रहेगा पूरा प्रशासन

अब प्रत्येक शुक्रवार मंत्रालय, जिला और संभाग स्तर पर नियमित बड़ी बैठकें नहीं होंगी। इसके बजाए मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगे। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी, ताकि पात्र हितग्राहियों तक समय पर योजनाओं का लाभ पहुंच सके। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि जनविश्वास अभियान सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### भ्रष्टाचार और लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

अभियान के दौरान यदि किसी स्तर पर भ्रष्टाचार, अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए किसी अतिरिक्त बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। अनावश्यक तामझाम से भी बचा जाएगा। सरकार की प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखें।

## महेंद्र गोयनका को नही मिली राहत चार दिन की बढ़ाई गई रिमांड

**जबलपुर।** कोलकत्ता पुलिस ने कटनी निवासी विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक की पारिवारिक कंपनियों से 1000 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में रायपुर निवासी महेन्द्र गोयनका को दस दिनों की रिमांड पूरी होने पर आज कोर्ट में पेश किया गया था कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस एवं पुलिस द्वारा अब तक की गई जांच से संतुष्ट होकर माननीय न्यायालय से पुलिस द्वारा प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं की




गहन जांच के लिए आरोपी महेंद्र गोयनका को पुनः रिमांड जारी करनें का आग्रह किया था जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी महेंद्र गोयनका को पुनः चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा दिया गया। अब चार दिन की पुलिस रिमांड मिलने के बाद कंपनियों को हड़पनें,करोड़ों रुपए वित्तीय लेन-देन में कथित अनियमितताओं धोखाधड़ी भ्रष्टाचार तथा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कंपनी पर अवैध कब्जा करनें के आरोपों की जांच अब और तेज हो गई है ! पुलिस अनुसार जांच एजेंसी को अब तक की पूछताछ और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई है ! पुलिस का मानना है कि कंपनी के स्वामित्व वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों में कथित हेरफेर से जुड़े तथ्यों की पुष्टि के लिए आरोपियों से आगें भी पूछताछ जारी रहेगी। जांच के दायरे में कंपनी के वित्तीय अभिलेख, बैंकिंग लेन-देन संपत्ति संबंधी दस्तावेज तथा कथित रूप से तैयार किए गए कूटरचित दस्तावेज शामिल है पुलिस का कहना है कि मामलें की निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए सभी संबंधित पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

**एलपीजी को लेकर सरकार का बड़ा फैसला!**

## एलपीजी सप्लाई में बदलाव अमेरिका के साथ बना प्लान

**करीब 25% हिस्सा अमेरिका से खरीदेंगे**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाने जा रहा है। सरकार वर्ष 2027 से देश के कुल एलपीजी आयात का लगभग 25% हिस्सा अमेरिका से खरीदने की योजना बना रही है। इस दूरगामी फैसले का मुख्य उद्देश्य मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) के देशों पर भारत की निर्भरता को कम करना, घरेलू गैस सप्लाई को सुरक्षित बनाना और अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती देना है।

**मेटा ने कहा- फेसबुक से गलती से हटा**

## पीएम मोदी का वीडियो ब्लॉक करने पर मेटा ने मांगी माफी

**अब पूरी तरह से बहाल किया गया**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो गलती से हटने पर माफी मांगी है और उसे वापस रीस्टोर कर दिया है। 28 जुलाई की तड़के फेसबुक पर पीएम मोदी के इस वीडियो का एक्सेस कुछ समय के लिए बाधित हो गया था, जिसे अब पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है।

यह वीडियो 23 जुलाई को जारी किया गया था, जो देश में जारी छात्र विरोध प्रदर्शनों के बीच जेन जी के नाम प्रधानमंत्री का पहला संबोधन था।

**मप्र में आज धूमधाम से मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव**

## कुबेरेश्वरधाम, दादाजी धाम, बाबा बागेश्वर धाम व पंडोखर धाम पहुंचे लाखों श्रद्धालु



सीहोर में भारी भीड़

- *आज पुलिस प्रशासन व संतों के शिष्यों के अनुशासन की परीक्षा भी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर ही सीहोर के कुबेरेश्वरधाम, खंडवा के दादाजी धाम, छतरपुर के बाबा बागेश्वर धाम व दतिया के पंडोखर धाम लाखों श्रद्धालु पहुंच गए। कुबेरेश्वरधाम में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा के समापन के बाद बुधवार को 'गुरु दीक्षा एवं गुरु दर्शन महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव में देश भर से आए लाखों श्रद्धालु पंडित प्रदीप मिश्रा से गुरु दीक्षा प्राप्त करेंगे। पंडोखर सरकार धाम में बुधवार को श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं मंत्र दीक्षा समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

**दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 11 अगस्त तक बढ़ी**

## बचाव पक्ष ने वॉइस सैंपल को लेकर उठाई आपत्ति, सीबीआई ने कहा- जांच जारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




ट्विशा केस में मंगलवार को सीबीआई कोर्ट में दोनों आरोपियों गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। ट्विशा पक्ष के अधिवक्ता शुभांग दीक्षित ने बताया कि सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत (ज्यूडिशियल रिमांड) 11 अगस्त तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ट्विशा के पिता और भाई भी अदालत में मौजूद रहे और पूरी कार्यवाही देखी। शुभांग दीक्षित के अनुसार, पेशी के दौरान आरोपियों की ओर से कहा गया कि सीबीआई का यह दावा सही नहीं है कि उन्होंने वॉइस सैंपल देने में सहयोग नहीं किया। बचाव पक्ष ने अदालत में यह भी कहा कि वॉइस सैंपल लेने के दौरान जांच एजेंसी के अधिकारियों का व्यवहार उचित नहीं था और इस संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। अधिवक्ता दीक्षित का कहना है कि इस पर अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि वॉइस सैंपल और उससे जुड़े तर्क पहले जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान भी उठाए जा चुके हैं।

**सात दिन का राशन-पानी लेकर भोपाल पहुंचे दो हजार से ज्यादा किसान**

**मूंग खरीदी में लिमिट को लेकर किसानों में आक्रोश**

- सीएम हाउस का घेराव करने की तैयारी में किसान
- रात में सावरकर सेतु पर ही खाना बनाया किसानों ने
- 19 संगठनों के जिम्मेदारों को सीएम हाउस बुलाया

## ग्यारह मील पर बैरिकेडिंग उखाड़कर सावरकर सेतु तक पहुंच गए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मूंग की सौ फीसदी सरकारी खरीद और खाद वितरण में सुधार की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की किसान क्रांति पैदल यात्रा मंगलवार शाम को भोपाल पहुंच गई। ग्यारह मील पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर किसानों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन किसानों ने बैरिकेडिंग उखाड़कर फेंक दी। होशंगाबाद रोड पर भी बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसान इसे तोड़ते हुए आगे बढ़ गए। इस यात्रा में नर्मदापुरम और हरदा के किसान शामिल हैं। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष शिवनारायण कक्का का कहना है कि सरकार के मंत्री आश्वासन देने के बाद किसानों की मांगों पर गंभीर नहीं हैं, जिसको लेकर आंदोलन की राह अपनाना पड़ रही है।



जमीन पर बैठे

#### हाथों में तिरंगा लेकर लगाए जय जवान-जय किसान के नारे

ग्यारह मील बाइपास पर पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए कई लेयर में बैरिकेडिंग की थी। यहां पुलिस और किसानों के बीच बैरिकेड्स पर धक्का-मुक्की हुई। रास्ता खुला और किसान बैरिकेड हटाकर शहर में प्रवेश कर गए। आंदोलन को देखते हुए पुलिस ने होशंगाबाद रोड पूरी तरह सील कर दिया, जिसकी वजह से वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा।



दाल-बाटी बनाई


महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व
अलंकरण समारोह
नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
29 जुलाई, 2026 । गीता भवन
माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन
गुरु पूर्णिमा
के पावन अवसर पर
श्रद्धेय गुरुजनों को नमन
सांदीपनि विद्यालय
चरण-I एवं II
8.48 लाख+
विद्यार्थी क्षमता
773
विद्यालय
₹24,915
करोड़ का निवेश
शिक्षा का आधुनिक सुदृढ़ीकरण
सांदीपनि विद्यालयों में-
नर्सरी से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
विश्व स्तरीय अधोसंरचना-
सर्वसुविधायुक्त डिजिटल कक्षाएं, स्मार्ट बोर्ड, आधुनिक लैब, कंप्यूटर एवं समृद्ध पुस्तकालय
निःशुल्क और सुरक्षित बस सुविधा-
CCTV निगरानी, प्रशिक्षित स्टाफ के साथ
समग्र व्यक्तित्व विकास-
व्यावहारिक कौशल, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता पर विशेष फोकस
बेहतर परीक्षा परिणाम-
10वीं कक्षा का परिणाम 68 से बढ़कर हुआ 88 प्रतिशत, वर्ष 2026 में 10वीं के 41 विद्यार्थी, 12वीं के 17 विद्यार्थी मेरिट में
शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
बैरसिया जिला - भोपाल (म. प्र.)
BLOCK-B
D-11066/26
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## Globally Ranked, Consecutively *for* 3 Years

Powered by Industry Led Advanced Labs, Career Focussed Courses & Innovation-Driven Learning with our Active Learning Model

Ranked **3rd** AMONGST PRIVATE UNIVERSITIES IN UTTAR PRADESH
Ranked **46th** AMONGST TOP PRIVATE AND GOVERNMENT UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked **16th** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2027 RANKED 1201-1400

THE World University Rankings 2026

Ranked **27th** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS IN INDIA.
Ranked **65th** AMONGST TOP INDIAN GOVERNMENT & PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS

THE World University Rankings Asia
Band **501-600** AMONGST THE TOP RATED GLOBAL UNIVERSITIES
OFFICIALLY REVEALED IN HONGKONG

## Launched India's Finest Active Learning Campus

**G-SCALE**
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

Centre for Drone Intelligence & Simulation | Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab | Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab | HP-Intel AI for Future Workforce Lab | Semiconductor Research Lab | Advanced EV Centre of Excellence by L&T EduTech




### Powered By Industry Integrated Academic Centres




Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs | Advanced Geotechnical and Earth Science Centre | Centre for Design Thinking & Augmented Reality | TATA Technologies Learning Centre | Cisco Centre of Excellence | CodeXperience Centre by Capgemini

### Batch 2026 Placement Highlights: 5500+ Placement Offers Secured as on date

| 526 | 228 | 205 | 119 | 188 | 91 | 61 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in | Students Placed in |
| Infosys | Capgemini | cognizant | LTM | City Union Bank Ltd | accenture | EY |

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP & ENTREPRENEURS
Government of UP Recognized Incubator

INR 3 Crore raised by Cybergenix Security Pvt. Ltd., an incubated startup of Galgotias University in Cyber Security domain.

| 30+ | 135+ | 3 | 40+ | 61 |
|---|---|---|---|---|
| Startups with Revenue | Startups supported till date | Startups crossed 1 Crore Revenue | Active Startups | Strategic partners |

NAAC GRADE A+ Accredited University | nirf National Institutional Ranking Framework (NIRF) | Tech Alliance Partner aws

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Quantum Technologies | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY
**#GetYourSelfPlaced**

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** **97173 00343** **0120-4370000**

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

गुरु पूर्णिमा आज

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026


राजधानी को चौथे रेलवे स्टेशन की सौगात, 14 करोड़ की लागत से बना

# निशातपुरा स्टेशन का शुभारंभ, सीएम ने मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेलवे में अभूतपूर्व बदलाव हुए : डॉ. यादव

जबलपुर वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस के नए स्टॉपेज का भी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



डॉ. मोहन यादव

राजधानीवासियों को मंगलवार को निशातपुरा स्टेशन के रूप में चौथे स्टेशन की सौगात मिल गई। सीएम डॉ. मोहन यादव स्टेशन का का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निशातपुरा स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यहां उसके नियमित ठहराव की शुरूआत की। साथ ही जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस के नए स्टॉपेज का भी शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि तीन साल बाद इस स्टेशन पर रेल ट्रैफिक शुरू हो सका। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, विधायक विष्णु खत्री, महापौर मालती राय, डीआरएम पकंज त्यागी सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



मालवा एक्सप्रेस को सीएम ने रवाना किया

### हर दिन 34 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई

सीएम ने कहा कि साल 2014 के बाद मध्यप्रदेश में करीब 2,800 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई गई है और प्रदेश का पूरा रेल नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन औसतन 34 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई जा रही है। वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना, चौथी रेल लाइन और भोपाल में प्रस्तावित लगभग 1,800 करोड़ रुपए की रेलवे कोच फैक्ट्री जैसी परियोजनाएं प्रदेश में रेलवे के तेजी से हो रहे विस्तार का उदाहरण हैं।

### अब इंजन या ट्रैक बदलने की नहीं पड़ेगी जरूरत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से उज्जैन और इंदौर की ओर जाने वाली ट्रेनों को अब इंजन या ट्रैक बदलने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे रेल संचालन और अधिक सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि मालवा एक्सप्रेस का वैष्णो देवी और सोमनाथ एक्सप्रेस का सोमनाथ धाम से सीधा जुड़ाव होने के कारण निशातपुरा स्टेशन का महत्व और बढ़ गया है। सिंहस्थ सहित भविष्य में बढ़ने वाले यात्री दबाव को देखते हुए यह स्टेशन मुख्य भोपाल रेलवे स्टेशन का भार कम करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से विकसित निशातपुरा स्टेशन केवल रेलवे स्टेशन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास का नया केंद्र बनेगा।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मप्र पुलिस के सुपुर्द नहीं होगी मोनालिसा



**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कुंभ मेला वायरल स्टार के नाम से मशहूर मोनालिसा की सुरक्षा को लेकर दखल दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि महिला को उसकी इच्छा के खिलाफ या अदालत की अनुमति के बिना कोच्चि शहर की सीमा से बाहर न ले जाया जाए।

### बस खाई में गिरी, मंदसौर के 40 श्रद्धालु हुए घायल



**मंदसौर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रंगा मोड़ के पास मंगलवार को अमरनाथ दर्शन कर वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं की बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 40 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है। घायलों में मंदसौर और राजस्थान के यात्री शामिल हैं।

### श्मशान घाट से अस्थियां चोरी, तंत्र-मंत्र की आशंका



**सागर।** पथरिया जाट गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां श्मशान घाट से 86 वर्षीय जगन सूर्यवंशी के अंतिम संस्कार के बाद उनकी अस्थियां और राख अचानक गायब हो गईं। अगले दिन जब परिजन अस्थि-संग्रह के लिए पहुंचे, तो चिता का स्थान खाली देख स्तब्ध रह गए। मृतक के पुत्र मोहन सूर्यवंशी ने तंत्र-मंत्र की नीयत से अस्थियां चोरी होने की आशंका जताई है।

पब्लिक एग्जामिनेशंस संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान जोरदार हंगामा


संसद में गूंजा जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज: एंटी पेपर लीक बिल पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का सरकार पर तीखा हमला

# पीएम कैमरे का नहीं, दिल का एंगल बदलें लाठी बच्चों पर नहीं सरकार की साख पर

***प्रियंका ने कहा कि मेरे भाषण से स्पीकर नाराज लग रहे हैं। पर मेरा अनुरोध है कि वे थोड़ा मुस्करा दें, तीन बार कहने के बाद स्पीकर आखिरकार, मुस्करा दिए***

प्रियंका ने कहा कि चुनाव में वोट, मंदिर के चढ़ावे और किसानों की जमीन की चोरी हुई। लेकिन, सबसे बड़ी चोरी तब हुई जब नौजवानों के सपने चुराए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ओम बिरला

लोकसभा में 'पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक' पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर सरकार को आड़े हाथों लिया। इसके साथ ही नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति और बिल्किस बानो मामले का जिक्र आने पर सदन में भारी हंगामा हुआ। प्रियंका ने कहा कि अध्यापक, छात्र, माता-पिता सब पूछ रहे हैं कि बच्चों पर लाठियां और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया?

क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार हो रहा है?



***पीएम ने ऐसा शिक्षा मंत्री चुना है जिन्होंने एक गर्भवती महिला के साथ बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर खुशी जताई थी***

***अध्यापक, छात्र, माता-पिता सब पूछ रहे हैं कि बच्चों पर लाठियां और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया?***

### मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आरोपों को बताया निराधार, कहा- माफी मांगें प्रियंका



केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी को बोलने से पहले तथ्यों और बयानों की सच्चाई जांच लेनी चाहिए थी। ये आरोप पूरी तरह से गलत जानकारी और झूठ पर आधारित हैं। क्या संसद में कोई भी कुछ भी बोलकर बच सकता है? गलत जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

### जितेंद्र सिंह बोले- पेपर लीक करने वालों को 5 महीने में मिलेगी सजा

लोकसभा में मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य पेपर लीक, संगठित परीक्षा घोटालों और अन्य अनुचित गतिविधियों पर पहले से अधिक प्रभावी ढंग से रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि 2024 का कानून परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन अब उसे और मजबूत करने की जरूरत महसूस हुई। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद सरकार यह संशोधन लेकर आई है ताकि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

सीजेपी ने दी दोबारा धरने की चेतावनी

# केंद्र का हिंसक प्रदर्शनकारियों को बख्शने का कोई वादा नहीं

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को छूट, लेकिन असामाजिक तत्वों और हिंसा के आरोपियों पर होगी सख्त कार्रवाई



संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान की तस्वीर (फाइल फोटो)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर हाल ही में समाप्त हुआ सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) का धरना-प्रदर्शन एक बार फिर सियासी मोड़ लेता दिख रहा है। सीजेपी ने केंद्र सरकार पर अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने का आरोप लगाते हुए आंदोलन दोबारा शुरू करने की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर, केंद्र सरकार से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार का वादा केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों तक सीमित था, और हिंसा या आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को कोई राहत नहीं दी जाएगी। सीजेपी का यह भी दावा है कि सरकार ने मंगलवार तक हस्ताक्षर करके जिस लिखित समझौते को सौंपने का वादा किया था।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ये मिला था आश्वासन

सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जो आश्वासन दिया था, उसमें साफ कहा गया था कि विरोध-प्रदर्शन की गतिविधियों में शामिल आम और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों या आयोजकों पर कोई केस दर्ज नहीं होगा। लेकिन जिन्होंने हिंसा की है या जिनका पुराना आपराधिक बैकग्राउंड है, उनसे कानून के तहत सख्ती से ही निपटा जाएगा। इससे पहले सोनम वांगचुक को दिए गए लिखित आश्वासन में भी सरकार ने केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई न करने की बात कही थी।

### लिखित समझौते पर सस्पेंस

एक सीनियर केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र और सीजेपी के बीच फिलहाल कोई औपचारिक लिखित दस्तावेज हस्ताक्षरित कर नहीं सौंपा गया है। इस पूरे मामले में सरकार का आधिकारिक रुख शनिवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बयानों पर ही आधारित है। सीजेपी की तरफ से सरकार को जो ड्राफ्ट प्रस्ताव सौंपा गया था, उस पर मंगलवार तक हस्ताक्षर होकर वापस आना प्रस्तावित था, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार इस पर अभी प्रक्रिया चल रही है।

सरकार ने 8 आईएएस अफसरों के तबादले किए

# शहडोल में संशोधन, अब पार्थ जायसवाल को कलेक्टर बनाया

कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा अब कलेक्टर छतरपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 8 अफसरों के तबादले किए हैं। इसमें तीन जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। शहडोल कलेक्टर की पदस्थापना में संशोधन किया गया है। छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल को शहडोल कलेक्टर बनाया गया है। आईएएस गिरीश शर्मा को अपर सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) से जारी आदेश के अनुसार 2011 बैच के आईएएस दिनेश जैन को विकअ-सह आयुक्त-सह संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा अपर सचिव खाद्य (अतिरिक्त प्रभार) बनाया गया है।




मृणाल मीणा



पार्थ जायसवाल

### अदिति गर्ग व सुश्री मिशा को स्वास्थ्य कारणों से भोपाल पदस्थ किया



मिशा सिंह

मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग को परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट, कार्यपालन अधिकारी राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड में संचालक तथा मुख्य कार्यपालिक अधिकारी ग्लोबल स्किल पार्क दिया गया है।

# मंगलवार को सुबह से शाम तक करीब 30 शहरों में मध्यम से तेज बारिश

साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तरी मध्य प्रदेश और आसपास सक्रिय



राजधानी का सुभाष नगर, शाम 7 बजे का दृश्य

### आज यहां अति भारी से भारी बारिश

बुधवार तक अनुपपुर, कटनी, मंडला में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, बालाघाट में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही भोपाल, ।, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा में मध्यम से तेज बारिश की उम्मीद है।

### तापमान में भी कुछ कमी आएगी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी डीप डिप्रेशन ओडिशा और आसपास बंगाल के ऊपर बना हुआ है, जो उत्तर पश्चिमी की ओर बढ़ रहा है।

### आज दर्जन भर जिलों में अति भारी से भारी बारिश, प्रदेश में सिस्टम 'एक्टिव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार से मौसम में फिर तेजी से बदलाव शुरू हो गया है। बुधवार तक करीब एक दर्जन जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में तेज से मध्यम बारिश होगी। इस बीच तापमान में भी तेजी से कमी आएगी। प्रदेश में सिस्टम एक्टिव होने से अब अगले चार से पांच दिन बारिश में बढ़त जारी रहेगी। पूर्वी मप्र से होते हुए पश्चिमी हिस्से तक अगले चार दिन में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक 12 से अधिक जिलों में भारी से तेज बारिश का यलो और ऑरेंज अलर्ट है। मंगलवार को सुबह से शाम तक करीब 30 शहरों में मध्यम से तेज बारिश हुई।

प्रचार के अंतिम दिन बड़ी रैली कर कांग्रेस ने दिखाई ताकत

# अंततः कांग्रेस के प्रदर्शन में पहुंच गए भारती जीतू ने किया 25 हजार से जीत का दावा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मेहनत रंग लाई और अंततः उप चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस द्वारा दतिया में आयोजित शक्ति प्रदर्शन वाली रैली में नाराज चल रहे पूर्व विधायक राजेंद्र भारती शामिल हो गए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को उनके घर जाकर एक घंटे तक बातचीत की थी। भारती का मानना था कि इस बार टिकट अवधेश नायक को मिलना चाहिए था।

दिग्विजय ने किया बूथों पर डट कर सक्रियता से काम का आह्वान



### भाजपा के विकास के दावे बेनकाब

पटवारी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के तथाकथित विकास के दावे अब जनता के सामने बेनकाब होने वाले हैं और भाजपा के भ्रष्टाचार की सच्चाई भी जनता के जनादेश से उजागर होगी। दतिया की जनता इस उपचुनाव में लोकतंत्र, विकास, पारदर्शिता और जनहित के पक्ष में अपना स्पष्ट फैसला सुनाएगी।

भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को जिताने का किया आग्रह

# भाजपा अध्यक्ष नबीन ने कहा- एक-एक मत तय करेगा दतिया के विकास की दिशा

दतिया राज परिवार ने कांग्रेस के घनश्याम सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



नितिन नबीन

दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और दतिया राज परिवार के महाराज गोविंद राहुल देव (गोविंद जू देव) और राजमाता हेमलता ने भी मोर्चा संभाला। नबीन ने भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में मतदाताओं के नाम संदेश जारी किया।




राज परिवार के सदस्यों ने प्रेसवार्ता की

### घनश्याम की हार ही दतिया की असली जीत

दतिया राजपरिवार की राजमाता हेमलता एवं महाराज राहुल गोविंद देव सिंह ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज परिवार के सदस्य एवं उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने राज परिवार की मर्यादाओं को तार-तार किया है। उन्होंने राज परिवार के मान-सम्मान को कलंकित करने का कार्य किया है।

### प्रचार खत्म, मतदान 30 जुलाई को

दतिया विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव के लिए मंगलवार को चुनाव प्रचार खत्म हो गया। मतदान 30 जुलाई को होगा और वोटों की गिनती 3 अगस्त को कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने मतदान की पूरी तैयारी कर ली है। प्रचार के लिए बाहर से पहुंचे लोगों को दतिया से बाहर कर दिया गया है। अब प्रत्याशी और उनके स्थानीय समर्थक घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और मतदान के लिए तैयारी बैठकें कर रहे हैं।

# शपथपत्रों में बदलते रहे दावे निरीक्षण में अस्तबल खाली मिला

## हाईकोर्ट ने घोड़ों की खरीद-बिक्री का रिकार्ड किया तलब

**जबलपुर।** हैदराबाद से जबलपुर लाए गए रेस के घोड़ों की कथित मौत और देखरेख में लापरवाही के मामले में हाईकोर्ट ने घोड़ों की खरीद-बिक्री को लेकर सामने आए विरोधाभासी दावों पर गंभीर रुख अपनाया है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिए कि



रिकार्ड पर यह बताया जाए कि कितने घोड़े बेचे गए, किसे और कब बेचे गए, साथ ही कितने घोड़े खरीदे गए।

सुनवाई के दौरान कोर्ट के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट के अनुसार पनागर के रैपुरा स्थित फार्म हाउस के अस्तबल में एक भी घोड़ा नहीं मिला। वहीं, परिसर में डेयरी संचालन पाया गया। घोड़ा मालिक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि सभी घोड़े बेच दिए गए हैं। इस पर कोर्ट ने खरीद-बिक्री से संबंधित सभी दस्तावेज रिकार्ड पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की याचिका में आरोप है कि हैदराबाद से 57 रेस के घोड़ों को बिना प्रशासन को सूचना दिए फार्म हाउस लाया गया था, जहां उचित देखभाल के अभाव में कई घोड़ों की मौत हुई।

**हाई कोर्ट ने हाई कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी, जबलपुर की सचिव से दो दिन के भीतर व्यक्तिगत हलफनामे के साथ जवाब मांगा**

## वकालतनामा पहले से था फिर दूसरा कैसे जारी हुआ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने निशुल्क विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता नियुक्त करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाया। कोर्ट ने पूछा कि जब किसी अपीलकर्ता की ओर से निजी अधिवक्ता का वकालतनामा पहले से रिकार्ड पर था और वह नियमित रूप से पैरवी भी कर रहा था, तब लीगल एड के माध्यम से दूसरा वकालतनामा कैसे जारी कर दिया गया। मामले को जांच योग्य मानते हुए हाई कोर्ट ने हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी, जबलपुर की सचिव से दो दिन के भीतर व्यक्तिगत हलफनामे के साथ जवाब मांगा है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच के समक्ष रायसेन निवासी सुजीत धाकड़ की आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया। रिकार्ड के अनुसार अधिवक्ता विजय कुमार पांडे ने वर्ष 2023 में वकालतनामा दाखिल किया था और वे लगातार मामले की पैरवी कर रहे थे। इसके बावजूद वर्ष 2025 में हाई कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी ने अधिवक्ता विवेक गौतम के पक्ष में लीगल एड के तहत नया वकालतनामा जारी कर दिया। कोर्ट ने इसे गंभीर विषय बताते हुए पूरी प्रक्रिया का स्पष्टीकरण तलब कर लिया। कोर्ट ने सचिव से यह भी पूछा है कि संबंधित अपीलकर्ता निश्शुल्क विधिक सहायता पाने का पात्र था या नहीं तथा क्या उसने लीगल एड के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

## *भेड़ाघाट निवासी युवती को दूसरे राज्य में बेचने की आशंका हाईकोर्ट ने पुलिस को पेश करने के दिए निर्देश*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लापता 20 वर्षीय युवती को दूसरे राज्य में बेचने की आशंका जताते हुए दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर गंभीरता दर्शाई। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच पुलिस को अगली सुनवाई पर युवती को न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के कूडन निवासी राजकुमार वर्मा ने याचिका में बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री 14 जुलाई को कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। स्वजनों ने कोचिंग सेंटर और आसपास तलाश करने के बाद भेड़ाघाट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि बरेला निवासी गणेश सोनवानी युवती को अपने साथ ले गया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि पुलिस को सूचना देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। बाद में गणेश सोनवानी की पत्नी ने स्वजनों को बताया कि उसका पति भोली-भाली लड़कियों को बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में भेज देता है। इस सूचना के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई।

## *हाइकोर्ट परिसर में वीसी कक्ष, आर्बिट्रेशन सेंटर व नई लिफ्ट का लोकार्पण*

जबलपुर। मप्र उच्च न्यायालय परिसर में न्यायिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में मंगलवार को बड़ा कदम उठाया गया। एसीजे विवेक रूसिया ने नवनिर्मित आर्बिट्रेशन एवं मीडिएशन सेंटर, वी.सी. सुविधा और गेट क्रमांक-3 के पास लिफ्ट क्रमांक-5 का लोकार्पण किया। आर्बिट्रेशन एवं मीडिएशन सेंटर में चार अत्याधुनिक आर्बिट्रेशन और चार मीडिएशन कक्ष बनाए गए हैं, जो वैकल्पिक विवाद निवारण को सुगम और प्रभावी बनाएंगे। वहीं, सिल्वर जुबली हाल के प्रथम तल पर तीन स्वतंत्र वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष शुरू किए गए हैं, जिनसे अधिवक्ता एक ही समय पर अलग-अलग अदालतों में वर्चुअल सुनवाई में शामिल हो सकेंगे। दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए लिफ्ट क्रमांक-5 की शुरुआत भी की गई है। इस अवसर पर एसीजे रूसिया ने कहा कि आधुनिक तकनीक और अधोसंरचना का उपयोग न्याय तक त्वरित व सरल पहुँच सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में जस्टिस आनंद पाठक, जस्टिस विवेक अग्रवाल, रजिस्ट्रार जनरल धर्मेंद्र सिंह सहित उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।



# कोतवाली में भरभरा कर गिरा जर्जर मकान

## मलबे में दबे 3 लोगों को सुरक्षित निकाला

**जबलपुर।** शहर में बारिश के दौरान जर्जर भवनों के गिरने का सिलसिला जारी है अभी बड़े फव्वारा के पास में एक मकान गिरा था अब कोतवाली में अंजलि समोसे के पीछे सोमवार की देर रात एक जर्जर मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय मकान के भीतर मौजूद तीन लोग मलबे में दब गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, नगर निगम, होमगार्ड और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया।

काफी मशक्कत के बाद मलबे में फंसे तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली कराकर आवाजाही रोक दी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मकान काफी पुराना और जर्जर हालत में था। लगातार बारिश के कारण उसकी दीवारें कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते अचानक पूरी संरचना ढह गई। घटना के समय तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। घायलों को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं शहर में लगातार बारिश के मद्देनजर जर्जर और खतरनाक भवनों की सूची तैयार कर उन्हें खाली कराने तथा समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता एक बार फिर सामने आई है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# रील देखते-देखते खाली हो गया बैंक खाता!

## एपीके फाइल डाउनलोड होते ही साइबर ठगों ने उड़ाए 2.74 लाख

**जबलपुर।** यदि आप मोबाइल पर फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील देखते हैं, तो सावधान हो जाइए। रील के बीच आने वाले किसी भी विज्ञापन (एड) पर अनजाने में क्लिक करना भारी पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला जबलपुर के गढ़ा थाना क्षेत्र में सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग के मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड होते ही साइबर ठगों ने उनका बैंक खाता हैक कर 2.74 लाख की रकम पार कर दी।

गढ़ा पुलिस के अनुसार बीटी बंगला के पास रहने वाले अरुण कुमार श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है। उन्होंने बताया कि 2 जून की शाम करीब 5 बजे वह घर पर बैठकर फेसबुक पर रील देख रहे थे। इसी दौरान रील के बीच एक एप का विज्ञापन दिखाई दिया, जिस पर अनजाने में क्लिक हो गया और मोबाइल में एक एपीके फाइल डाउनलोड हो गई।

कुछ दिनों बाद 9 जून को उनके मोबाइल पर खाते से 97 हजार निकलने का मैसेज आया। बैंक खाता जांचने पर पता चला कि 7 जून को 80 हजार, 8 जून को 97 हजार तथा अन्य ट्रांजेक्शनों सहित कुल 2 लाख 74 हजार की राशि उनके खाते से बिना अनुमति के ट्रांसफर कर ली गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि विज्ञापन के जरिए मोबाइल में डाउनलोड हुई एपीके मैलवेयर फाइल के कारण मोबाइल हैक हो गया, जिसके बाद साइबर अपराधियों ने बैंक खाते तक पहुंच बनाकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर आने वाले किसी भी अनजान विज्ञापन, लिंक या एपीके फाइल पर क्लिक न करें। केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही एप डाउनलोड करें और बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## *खाद्य सुरक्षा टीम ने डेयरी और किराना दुकानों का किया निरीक्षण*

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार दूषित एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाने चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले में दूध डेयरी, किराना एवं जनरल स्टोर का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार टीम ने ग्राम खिरिया स्थित श्री गुरुकृपा दुग्ध भंडार का निरीक्षण कर दूध, दही, पनीर एवं घी के नमूने जांच के लिए लिए। वहीं बरेला स्थित राकेश जैन किराना स्टोर से लगभग 17 किलो नमकीन के पैकेट जब्त किए गए। जांच में नमकीन के पैकेटों पर निर्माण एवं अवसान तिथि अंकित नहीं पाई गई। इसी क्रम में ग्राम बम्हनी, थाना बरेला स्थित प्रदीप किराना स्टोर से लगभग 15 किलो दलिया के पैकेट जब्त किए गए। इसके अलावा धनपुरी स्थित श्रीपाल डेयरी से घी का नमूना जांच हेतु लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# गुरुओं ने सिखाया मानवता और समरसता का पाठ

## गुरु चरण वंदन समारोह में संतों का पूजन

**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर समरसता सेवा संगठन द्वारा सिटी बंगाली क्लब, करमचंद चौक में श्री गुरु चरण वंदन समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरु ज्ञान का प्रकाश देकर अहंकार, भेदभाव और अज्ञानता को दूर करने का मार्ग दिखाते हैं। संत समाज सदैव जाति, ऊंच-नीच और वर्ग भेद से ऊपर उठकर मानवता एवं समरसता का संदेश देता आया है। समारोह में पूज्य संत महामंडलेश्वर स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरी जी महाराज, जगतगुरु श्री राजारामाचार्य, स्वामी डॉ. मुकुंददास जी महाराज, स्वामी श्री कालीनंद जी महाराज, साध्वी दीदी ज्ञानेश्वरी जी, महंत श्री चंद्रशेखरानंद जी महाराज, श्री पगलानंद जी महाराज, स्वामी श्री गिरिजानंद जी महाराज एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ब्रह्मचारिणी बहन भावना दीदी का चरण पूजन किया गया। समरसता सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं जेडीए अध्यक्ष श्री संदीप जैन, संगठन अध्यक्ष श्री पवन पांडे, सचिव श्री मनोज सेठ सहित संगठन के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने संतों का पूजन कर




आशीर्वाद प्राप्त किया। संगठन अध्यक्ष श्री पवन पांडे ने बताया कि संगठन द्वारा प्रत्येक माह सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी गुरुजनों को एक मंच पर आमंत्रित कर गुरु वंदन का अवसर प्रदान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश देने वाला माना गया है। गुरु की कृपा से साधक को ज्ञान, शांति, भक्ति और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। इसी भावना के साथ आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में गुरु पूजन का विधान है। कार्यक्रम में मंचासीन सभी संतों का श्रद्धालुओं ने चरण पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात भोग प्रसादी का वितरण किया गया। भजन गायक रवि शुक्ला एवं मिठाईलाल चक्रवर्ती की टीम ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर पं. रोहित दुबे, पं. ब्रजेश दीक्षित, प्रमोद ताम्रकार, जगदीश चौहटेल, पं. आशुतोष दीक्षित, डॉ. पी.के. अग्रवाल, विनय असाठी, गिरीश वर्मा, विनय केसरवानी, मुकेश साहू, प्रदीप चौकसे, लक्ष्मण कोरी, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू, सीमा सिंह सहित सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# रेलवे संपत्ति चोरी करते दो आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

## आरपीएफ जबलपुर ने कॉपर वायर और पेंड्रॉल क्लिप किए जब्त

**जबलपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट जबलपुर ने रेलवे संपत्ति चोरी करने वाले दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। घटना 27 जुलाई 2026 को रेलवे यार्ड जबलपुर के कि.मी. सं. 991/31 के पास की है, जहां गश्त एवं निगरानी के दौरान आरपीएफ टीम ने दो व्यक्तियों को चोरी की गई कॉपर केबल जलाते हुए पकड़ा।

पूछताछ में आरोपियों ने रेलवे यार्ड से कॉपर वायर एवं पेंड्रॉल क्लिप चोरी करना स्वीकार किया। आरपीएफ द्वारा मौके से चोरी की गई रेलवे संपत्ति जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल का निरीक्षण एवं शिनाख्त कार्रवाई भी की गई। जब्त रेलवे संपत्ति में 13 नग पेंड्रॉल क्लिप एवं 6.5 किलोग्राम कॉपर वायर शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत 6,079 बताई गई है।



गिरफ्तार आरोपियों में संदीप कोल (31 वर्ष), निवासी छुई खदान, कस्तूरबा नगर, थाना सिविल लाइन, जबलपुर एवं दीपक कोल (28 वर्ष), निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, छुई खदान, थाना सिविल लाइन, जबलपुर शामिल हैं।

कार्रवाई में उप निरीक्षक अरविंद सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुखराम बेन, प्रधान आरक्षक केदारमल जाट, प्रेम सिंह, जितेंद्र तिवारी एवं आरक्षक हरिकेश दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरपीएफ पोस्ट जबलपुर द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 27/26 एवं 28/26 पंजीबद्ध कर रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम, 1966 की धारा 3 (RP (UP) Act) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। विवेचना के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के निर्देशानुसार बंधपत्र पर रिहा किया गया।

# मेडिकल कॉलेज में पहली बार की गई कंजॉइंट ट्विन्स की सफल जटिल सर्जरी

## नरसिंहपुर के नवजातों को मिली नई उम्मीद

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नरसिंहपुर से रेफर होकर आए संयुक्त जुड़वा (कंजॉइंट ट्विन्स) नवजात जीवान और युवान की जटिल सर्जरी के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया है। लगभग दो घंटे तक चली इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। चिकित्सकों के अनुसार, इस तरह के मामले लाखों जन्मों में एक बार देखने को मिलते हैं।

दोनों नवजात इशियोपैगस कंजॉइंट ट्विन्स हैं, जो श्रोणि (पेल्विस) से आपस में जुड़े हुए हैं। जांच में दोनों की आंत और मूत्र प्रणाली भी जुड़ी मिली है। साथ ही एनोरेक्टल मालफॉर्मेशन और जन्मजात हृदय संबंधी विकार की आशंका के कारण उपचार और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया। प्रोफेसर डॉ. विकेश अग्रवाल, डॉ. हिमांशु आचार्य तथा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आशीष सेठी के नेतृत्व में दो सर्जिकल और दो एनेस्थीसिया टीमों ने ऑपरेशन



किया। सर्जरी के बाद दोनों नवजातों को एनआईसीयू में विशेषज्ञों की निगरानी में रखा गया है। फिलहाल जीवान की स्थिति गंभीर लेकिन नियंत्रण में है, जबकि युवान की हालत स्थिर बताई गई है। चिकित्सकों के अनुसार पहले चरण में आंत्र मार्ग का डायवर्जन किया गया है और आगे स्वास्थ्य में सुधार के आधार पर दोनों शिशुओं के पूर्ण पृथक्करण की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

## *रंगदारी वसूलने मारपीट, चाकू से किया वार*

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत पचमठा मंदिर सिंगरहा मोहल्ला में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने तीन युवकों पर डंडे व चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात लगभग 8 बजे पीली बिल्डिंग शारदा चौक से सब्जी लेकर आ रहे पचमठा मंदिर सिंगरहा मोहल्ला निवासी 37 वर्षीय शेख फिरोज को रास्ते में पिन्टू सुल्तानी और उसका साथी अंजार ने रोका और शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर पिन्टू ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए आटो चालक शफीक भाईजान और लखन खत्री पर भी पिन्टू और अंजार ने चाकू व डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# 71 बोतल और 24 पाव अंग्रेजी शराब जब्त, तस्कर फरार

**जबलपुर।** शहर में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 71 बोतल एवं 24 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की है। हालांकि पुलिस को देखकर मुख्य आरोपी अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) के निर्देश पर जिलेभर में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही



है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर श्री एम.डी. नागोतिया के मार्गदर्शन में थाना गोरखपुर पुलिस ने यह सफलता हासिल की। थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि 27 जुलाई 2026 की रात चौकी रामपुर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोरखपुर बाजार स्थित लोधी मोहल्ला में असरानी डॉक्टर के बाजू वाली गली में मोनू सबलोक अपने एक साथी के साथ अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने के लिए बड़ी मात्रा में शराब रखे हुए है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही मोनू सबलोक और उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर अपने बैग और थैले छोड़कर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस को विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब मिली, जिनमें बैगपाइपर व्हिस्की, मैजिक मोमेंट ऑरेंज फ्लेवर्ड वोडका, मैजिक मोमेंट ग्रीन एप्पल फ्लेवर्ड वोडका, स्मरनॉफ मिन्टी जामुन वोडका, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, 8 पीएम व्हिस्की, लंदन प्राइड व्हिस्की, आइकोनिक व्हाइट व्हिस्की सहित कुल 71 बोतल तथा बैगपाइपर व्हिस्की के 24 पाव बरामद हुए।पुलिस ने मौके से पूरी शराब जब्त कर फरार आरोपी मोनू सबलोक एवं उसके साथी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

# मजदूरी के पैसे के विवाद में लाठी से हमला, दंपत्ति घायल

**जबलपुर।** सिहोरा थाना क्षेत्र के नया बस स्टैंड में गत दिवस पुरानी रंजिश और पैसों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक ने पहले मजदूरी का भुगतान नहीं किया और फिर शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। विरोध करने पर उसने दंपती पर लाठी से हमला कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार नया बस स्टैंड निवासी 32 वर्षीय प्रकाश राजपूत उर्फ टाइगर और उनकी पत्नी बैजंती को मोहल्ले का गोलू चौहान मजदूरी कराने ले गया था, लेकिन काम पूरा होने के बाद मजदूरी के रुपए नहीं दिए। जब दंपती ने मेहनताना मांगा तो आरोपी ने गाली-गलौज कर उन्हें भगा दिया। गत सुबह करीब 8 बजे प्रकाश बस स्टैंड स्थित एक चाय दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गोलू चौहान वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। प्रकाश ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने लाठी से हमला कर दिया। शोर सुनकर प्रकाश की पत्नी बैजंती बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उस पर भी लाठी से वार कर दिया। हमले में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। व्यस्त बस स्टैंड पर हुई घटना से अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल दंपती थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपी गोलू चौहान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

संतोष, त्याग और सच्ची मित्रता की अमर मिसाल है सुदामा: ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सप्तम दिवस पर सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण की लीलाओं और गुरु-भक्ति का हुआ दिव्य रसपान

**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सप्तम दिवस की कथा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चिंतन से सराबोर रही। व्यासपीठ से कथा का अमृतपान कराते हुए पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों का सरल एवं भावपूर्ण निरूपण किया। महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाहों के आध्यात्मिक रहस्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कोई सांसारिक घटना नहीं, बल्कि उपासना के विविध मंत्रों और साधना के स्वरूपों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला जीव को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है।



## नृग चरित्र के माध्यम से दान की महिमा का वर्णन

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी कथा के दौरान नृग चरित्र के माध्यम से दान की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि दान सदैव विवेक और सावधानी के साथ करना चाहिए। पौण्ड्रक चरित्र के प्रसंग में उन्होंने बताया कि ईश्वर के प्रति द्वेष और अहंकार से प्रेरित छद्म भक्ति अंततः विनाश का कारण बनती है। वहीं ऊषा-अनिरुद्ध कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बाणासुर के अहंकार के दमन का संदेश दिया गया।

## यज्ञ का वास्तविक स्वरूप समर्पण, सेवा और विनम्रता

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने शिशुपाल वध तथा युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ का वास्तविक स्वरूप समर्पण, सेवा और विनम्रता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं राजसूय यज्ञ में अतिथियों के चरण धोकर यह संदेश देते हैं कि ईश्वर का सर्वोच्च गुण सेवा और नम्रता है।

## मित्रता स्वार्थ नहीं आत्मीयता-समर्पण का सर्वोच्च आदर्श

सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने कहा कि सुदामा त्याग, तपस्या और संतोष की साक्षात मूर्ति थे। उन्होंने मित्रता को स्वार्थ नहीं, बल्कि आत्मीयता और समर्पण का सर्वोच्च आदर्श बनाया। सुदामा के प्रति भगवान श्रीकृष्ण का प्रेम इतना निष्कलंक था कि उनके चरण धोते समय स्वयं भगवान की आंखें अश्रुपूर्ण हो गईं। उन्होंने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं, वस्तुओं के नहीं। इसलिए सुदामा द्वारा प्रेमपूर्वक अर्पित साधारण चिवड़े की भेंट भी भगवान ने अत्यंत प्रसन्नता से स्वीकार की।

## हर चरित्र के प्रसंगों का भी विस्तृत वर्णन

कथा में नवयोगेश्वर उपदेश, भगवान दत्तात्रेय चरित्र, महर्षि भृगु द्वारा भगवान विष्णु की श्रेष्ठता की परीक्षा तथा राजा परीक्षित के मोक्ष के प्रसंगों का भी विस्तृत वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत मनुष्य को भोग से योग, वासना से उपासना और अहंकार से आत्मसमर्पण की ओर ले जाने वाला दिव्य ग्रंथ है।

## गुरु पूर्णिमा आत्मशुद्धि, गुरु-भक्ति का महापर्व-इन्दुभवानंद

इस अवसर पर परमपूज्य स्वामी डॉ. इन्दुभवानंद तीर्थ जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने कथा को विशेष आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि गुरु पूर्णिमा आत्मशुद्धि, गुरु-भक्ति और श्रीमद्भागवत के चिंतन का महापर्व है। श्रीमद्भागवत की कथा मनुष्य की वासनाओं का क्षय कर उसे उपासना, सदाचार और ईश्वर-भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है।

## यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में राजेंद्र शास्त्री, भारत सिंह यादव, नंदकिशोर ठाकुर, आरती सराफ, ऋचा मिश्रा, प्रीति अग्रवाल, आशीष आराधना चौकसे, प्रीति गोविंद साहू, पंकज डे, सुभाष कुदरहा, शिव गुप्ता, सुनील गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, लकी शर्मा, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक बरकड़े से की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग

# धरातल पर स्वीकृत विकास कार्यों के नहीं दिखने से आमजन परेशान

**सिहोरा।** नगर क्षेत्र की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक संतोष बरकड़े से भेंट कर जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर में कई विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने के बावजूद उनके धरातल पर पूर्ण नहीं होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



कार्यकर्ताओं ने विधायक के समक्ष प्रमुख रूप से पार्क निर्माण, रोड डिवाइडर, खेल मैदान एवं स्टेडियम विस्तारीकरण, आईटीआई भवन निर्माण तथा नाला निर्माण जैसे मुद्दे रखे। उन्होंने बताया कि नगर सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्तावित पार्क निर्माण कार्य वर्षों से लंबित है। वहीं यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए चल रहा डिवाइडर निर्माण भी अधूरा होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। खेल सुविधाओं को लेकर कार्यकर्ताओं ने बताया कि अरुणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम के विस्तारीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। खितौला बारीबहू स्टेडियम का लेवलिंग कार्य भी लंबित है। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत आईटीआई भवन का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई।

नगर में जल निकासी की समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 7 में रुक्मणी पैलेस के सामने प्रस्तावित नाला निर्माण, वार्ड क्रमांक 13 एवं खितौला कृषि उपज मंडी मार्ग सहित अन्य स्थानों पर पक्के नालों के निर्माण की मांग भी रखी गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह मांगें किसी आलोचना या शिकायत की भावना से नहीं, बल्कि जनहित, संगठन हित एवं क्षेत्र के समग्र विकास के उद्देश्य से रखी गई हैं। उन्होंने विधायक से संबंधित विभागों एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित कर सभी लंबित कार्यों की समीक्षा कराने तथा समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर विकास कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया।

# गुरु पूर्णिमा पर आज होंगे धार्मिक आयोजन, आश्रमों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

**सिहोरा।** वेदव्यास जयंती एवं गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को सिहोरा एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न आश्रमों और मंदिरों में गुरु पूजन, दीक्षा, भंडारा एवं धार्मिक आयोजनों का आयोजन होगा। श्रद्धालु अपने-अपने गुरुओं के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।



भरभरा आश्रम एवं भटिया में परम पूज्य संत 1008 बनवारी दास जी महाराज का गुरु पूजन एवं भंडारा होगा। कटाव धाम में सुबह 9 बजे गुरु दीक्षा तथा 10 बजे से संत श्री सियाबल्लभ दास वेदांती जी महाराज का पूजन-अर्चन किया जाएगा। हरिनाम सेवा संघ एवं हनुमत सेवा संस्थान ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। शैलेश्वर धाम सैलवारा में श्रद्धालु ब्रह्मलीन संत प्रकाशवन अवधूत जी महाराज की पादुकाओं का पूजन करेंगे। वहीं, जय मातेश्वरी भक्त परिवार समिति द्वारा विजय नगर स्थित अग्रसेन कल्याण मंडपम में पंडित तरुण चौबे जी महाराज के सान्निध्य में गुरु पूजन एवं भंडारे का आयोजन होगा। नृसिंह टेकरी, खितौला में भगवान नृसिंह का अभिषेक, श्रृंगार एवं पूज्य स्वामी गोविंद दास जी महाराज के सान्निध्य में गुरु पूजन होगा। इसके अलावा कुर्रे पिपरिया स्थित लोढ़ा सिद्धन धाम, कृष्ण कृपा धाम भेड़ा कॉलोनी, गोसलपुर धाम, पचपेड़ी पोंडा एवं बरगी के विभिन्न आश्रमों में भी गुरु पूजन, पादुका पूजन, कन्या एवं ब्राह्मण भोज तथा विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

# पनागर बस स्टैंड पर चला 'नशा मुक्ति अभियान 2.0' पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

**पनागर।** मुख्यमंत्री के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर के मार्गदर्शन में संचालित 'नशा मुक्ति अभियान 2.0' के तहत रविवार को पनागर थाना पुलिस ने बस स्टैंड परिसर में जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आम नागरिकों, युवाओं, वाहन चालकों, व्यापारियों एवं यात्रियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसआई मिथिलेश त्रिपाठी ने किया। उनके साथ एसआई मुकेश उपाध्याय, मुकेश शुक्ला, आरक्षक रवि वर्मा, अजीत पटेल, रत्नेश राय एवं सचिन जैन सहित थाना पुलिस का अमला मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से नशे से दूर रहने, संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ-साथ युवाओं को नशे की लत से बचाना है। पनागर थाना पुलिस ने क्षेत्र में नशे से जुड़े अपराधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही। स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान का समर्थन करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।



# श्री सिद्ध गणेश मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज ग्वारीघाट स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत भगवान श्री सिद्ध गणेश का पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर श्री सिद्ध गणेश मंदिर के संस्थापक ब्रह्मर्षि स्वामी रामबहादुर जी महाराज की पादुका पूजन प्रातः 8 बजे से सायंकाल तक किया जाएगा। कार्यक्रम में गुरुदीक्षा, आशीर्वचन, आरती एवं प्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन में शिष्य परिवार के ललित वर्मा, राजकुमार सिंगरहा, रजनीश ठाकुर, भोला पटेल, पं. विजयानंद मिश्रा, शास्त्री जी, आचार्य अंकित कृष्ण, केतन चौहान एवं राविन तिवारी ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर गुरु आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



# जीआरपी मदनमहल ने छात्रावास में चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



**जबलपुर।** जीआरपी चौकी मदनमहल द्वारा संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ संस्करण 2.0 जन-जागरूकता अभियान-2026 के तहत रविवार को वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, राइट टाउन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रावास प्रभारी, छात्राओं एवं स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशा मुक्ति अभियान का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही जागरूकता संबंधी पर्चे-पंपलेट वितरित किए गए तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 20 से 25 छात्राएं एवं छात्रावास स्टाफ उपस्थित रहे। अभियान में जीआरपी चौकी मदनमहल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक अनुराग तिवारी, हरस्वरूप शर्मा, मनीष शर्मा, विमलेश ठाकुर एवं प्रधान आरक्षक शकुंतला तेकाम उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा आज



**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार, 29 जुलाई को भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्ण आश्रम में नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश, भगवान राधा-कृष्ण, लड्डू गोपाल एवं तुलसी मैया की सामूहिक 108 परिक्रमा संकीर्तन के साथ प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगी। चातुर्मास विश्राम के उपरांत आयोजित इस विशेष धार्मिक आयोजन में आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज का गुरु पूर्णिमा उत्सव भी श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। कार्यक्रम संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा के सान्निध्य में संपन्न होगा। नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, सह-संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मनोज गुलाबवानी, दुर्गा पटेल, शिव कुमार पटेल, विनोद विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# गुरु पूर्णिमा पर निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की वापसी रथयात्रा

## साहू समाज ने किया श्रद्धालुओं से शामिल होने का आह्वान

**जबलपुर।** भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ मौसी के घर में 12 दिनों के विश्राम के उपरांत बुधवार, 29 जुलाई को अपने धाम लौटेंगे। इस अवसर पर वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाम 5 बजे बड़ी खेरमाई मंदिर से भव्य वापसी रथयात्रा निकाली जाएगी।

साहू समाज के कोठिया श्रीकांत साहू ने बताया कि रथयात्रा बड़ी खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमानताल, घोड़ानक्कास, मिलौनीगंज चौक, कोतवाली, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा और चरहाई मार्ग से होते हुए गढ़ाफाटक स्थित साहू धर्मशाला पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ स्वामी मौसी के घर से वापस अपने मंदिर में विराजमान होंगे। वात्री साहू समाज ने सभी श्रद्धालुओं से वापसी रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के दर्शन एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# माढ़ोताल श्मशान घाट का द्वितीय चरण में जीर्णोद्धार कार्य जारी

**जबलपुर।** दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की पार्षद श्रीमती मोनिका पुष्पेंद्र सिंह के प्रयासों से माढ़ोताल ग्रीन सिटी स्थित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है।



प्रथम चरण में पुराने शवदाह गृह के शेड का नवीनीकरण कराया गया तथा एक नए शवदाह गृह शेड का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही प्रार्थना भवन में नया शेड लगवाने एवं पार्षद मद से प्रार्थना भवन में कोटा पत्थर लगवाने का कार्य पूर्ण कराया गया। अब द्वितीय चरण में प्रार्थना भवन के सामने पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य से श्मशान घाट परिसर में आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

# मझौली स्वास्थ्य केन्द्र में अवैध वसूली के आरोप, ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई

**मझौली।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली में जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर कथित अवैध वसूली के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र के पंजीकरण, डिजिटल प्रक्रिया और सुधार कार्य के लिए ₹50 लिए जा रहे हैं, जबकि शासन के अनुसार यह सुविधा निःशुल्क है।



आरोप है कि संबंधित अधिकारी ने भी पंजीकरण के नाम पर राशि लिए जाने की बात स्वीकार की। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि स्वास्थ्य केन्द्र में इंजेक्शन लगाने के लिए भी ₹20 की मांग की जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, वर्षा ऋतु में सांप, बिच्छू, कुत्ते, बंदर एवं अन्य जहरीले जीवों के काटने के मामलों में वृद्धि के बावजूद आवश्यक इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने की शिकायत भी सामने आई है। स्थानीय नागरिकों ने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की मांग प्रशासन से की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।




**श्री मुरलीधर जेठवानी**- गोपाल होटल चौक द्वारका नगर निवासी श्री मुरलीधर जेठवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल तिवारी**- शंकरशाह वार्ड रामपुर निवासी श्री सुंदर लाल तिवारी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री योगेश रोहितास**- राधाकृष्णन वार्ड शारदा मंदिर के पास निवासी श्री योगेश रोहितास का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री हीरा लाल चौधरी**- रक्षा कॉलोनी रांझी निवासी श्री हीरा लाल चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज यादव**- रामकृष्ण कॉलोनी बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री कृष्ण कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई**- तुलसी नगर रांझी निवासी श्री मानिक लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमुना प्रसाद रैकवार**- हनुमानताल झंडा चौक निवासी श्री जमुना प्रसाद रैकवार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना बाई सोनी**- एलआईसी कॉलोनी गंगासागर रोड निवासी श्री सुंदर लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती मीना बाई सोनी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला देवी अग्रवाल**- दीक्षितपुरा निवासी श्रीमती कमला देवी अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विशाल सोनकर**- घमापुर चौक के निकट निवासी श्री बाबा सोनकर के पुत्र श्री विशाल सोनकर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

# युवा शक्ति नशे के खिलाफ संकल्प ले तो देश बन सकता है नशा मुक्त : एएसपी सूर्यकांत शर्मा

**पाटन।** मध्य प्रदेश शासन के आह्वान पर पुलिस विभाग एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, पाटन में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा तथा अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, अनिरुद्ध पटेरिया, हेमेन्द्र बागरी, शिव तिवारी, सुरेश कांबले एवं विद्यालय के प्राचार्य सी.एस. ठाकुर उपस्थित रहे। माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि युवा शक्ति नशे के खिलाफ संकल्प ले ले, तो हिंदुस्तान को नशा मुक्त देश बनाया जा सकता है।






उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने और हर प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी ने युवाओं से शिक्षा, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण को जीवन का लक्ष्य बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के मार्गदर्शन में नगर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से सहायक उपनिरीक्षक सुदेश गुप्ता, प्रधान आरक्षक राममिलन, सुशील त्रिपाठी, आरक्षक अनुराग सहित विद्यालय परिवार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

In The Court Of XXXIV Civil Judge
Class-I District Court, Jabalpur
Presiding Officer: ऋचा बठेजा

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ।
(RCSA/0000802/2026)

धर्मेन्द्र कुमार झारिया................वादी Vs
आम जनता.........................प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 10/08/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर मप्र ।

यह कि प्रार्थी धर्मेन्द्र कुमार झारिया ने आपके विरूद्ध सिविल सूट। आवेदन वास्ते सिविल मृत्यु की घोषणा आज्ञाप्ति बावत । के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 17 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
ऋचा बठेजा
34वें व्यवहार वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश जयपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालयअवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# रुपए की मजबूती से सोना और चांदी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कमजोर वैश्विक रुख और रुपये की मजबूती से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,640 रुपये घटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम टूट गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,49,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 2,640 रुपये टूटकर 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। चांदी में भी बिकवाली देखी गई और इसकी कीमत 5,200 रुपये टूटकर 2,24,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि रुपये की मजबूती से घरेलू बाजार में आयातित सर्राफा (सोना-चांदी) की यहां मंगाने की लागत कम हो गई।

- सोना 2,640 रुपये प्रति 10 ग्राम व चांदी 5200 रुपए टूटी

# टाटा संस के चेयरमैन को मिला 158.66 करोड़ का पारिश्रमिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 158.66 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक मिला, जबकि एक साल पहले यह 155.81 करोड़ रुपये था। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चंद्रशेखरन को मिला यह अब तक का सर्वाधिक पारिश्रमिक है। टाटा संस ने 2022 से कार्यकारी पारिश्रमिक का खुलासा करना शुरू किया है। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने कुल 671.4 करोड़ रुपये कमाए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के उनके पारिश्रमिक में 17.97 करोड़ रुपये वेतन एवं अन्य लाभ के हैं, जबकि 140.69 करोड़ रुपये मुनाफे से जुड़ा कमीशन रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 के बराबर है।

**न्यायालय-षष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर छ.ग.**
**(पीठासीन न्यायाधीश- श्री अमित राठौर)**

प्रकरण क्र 0-543/2025 प्रोसेस क्रमांक- 849 / 2026
पेशी दिनांक 03.09.2026

**अर्चना चंद्रवंशी व अन्य** ....आवेदिकागण
**विरूद्ध**
**ब्रजेन्द्र कुमार प्रजापति व अन्य** ...अनावेदकगण

**बनाम** - 1. ब्रजेन्द्र कुमार प्रजापति, उम्र 25 वर्ष, पिता-रामदयाल प्रजापति, साकिन- ग्राम कुर्सा, पो. दोंगा, थाना-जियावन, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)

आवेदिका अर्चना चंद्रवंशी ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत कुल रूपये 1,10,00,000/- (अक्षरी - एक करोड दस लाख रूपये) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे पेशी तारीख 03.09.2026 को 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अतः आप अनावेदक क्रमांक 1 को इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 03.09.2026 को उपस्थित हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट-** यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 20 माह 07 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

न्यायाधीश
(अमित राठौर)
षष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
मुहर रायपुर (छ.ग.)

# एशियाई बाजारों में कमजोर रुख से सेंसेक्स 70 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को मामूली गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह मौद्रिक नीति बैठकों से पहले और एशिया के अन्य बाजारों में भारी बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 69.86 अंक टूटकर 76,765.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 76,988.48 अंक के उच्च स्तर और 76,672.77 अंक के निचले स्तर तक आया। निफ्टी 10.60 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,985.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर सबसे अधिक 6.97 प्रतिशत टूटा। कंपनी के शुद्ध लाभ में कमी से शेयर नुकसान में रहा। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,680 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नुकसान में रहे।

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाइटन शामिल हैं।

छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.21 प्रतिशत टूटा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.35 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पूंजीगत वस्तुएं 2.40 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयर में से 2,629 शेयर में गिरावट आई जबकि 1,626 लाभ में रहे।

# ब्याज दरें स्थिर रख सकता है आरबीआई : बार्कलेज

**एजेंसी : मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बढ़ती मुद्रास्फीति के बावजूद अगस्त की मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत ब्याज दर को यथावत रख सकता है। मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह से रुपये को लेकर चिंताएं कम हुई हैं जिससे केंद्रीय बैंक को तटस्थ रुख बनाए रखने की गुंजाइश मिली है। ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज की एक रिपोर्ट में यह बात की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई के पिछले महीने विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए उठाए गए कदमों के बाद बैंकों ने मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा के जरिये करीब 32 अरब डॉलर जुटाए हैं जबकि सरकारी प्रतिभूतियों में सात अरब डॉलर से अधिक का विदेशी निवेश आया है। बार्कलेज ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने और अल नीनो की तीव्रता से उत्पन्न अनिश्चितताओं के मद्देनजर उसे आरबीआई के तटस्थ रुख बनाए रखने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि हमारा मानना है कि इस अस्थिरता के दौर में सबसे बेहतर कदम कुछ नहीं करना है। मुद्रास्फीति में हाल में आई तेजी के बावजूद बार्कलेज का मानना है कि नीति-निर्माता तत्काल प्रतिक्रिया नहीं देंगे और फिलहाल ब्याज दर बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। रिपोर्ट में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की उस हालिया टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा गया जिसमें उन्होंने कहा था कि मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है लेकिन मूल्य दबाव अभी व्यापक नहीं है।

**कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)**

51569 उद्यान शाखा /2026-27 कटनी, दिनांक :- 17/07/2026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना पत्र**

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https:www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_524280_1 | सुरम्य पार्क में मेंटेनेंस अंतर्गत विभिन्न कार्य कराये जाने वावत। | 1 - 90 दिन<br>2 - राशि 16.13 लाख रूपये | 1 - Rs. 2000/-<br>2 - Rs. 12098/- | 10/08/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन-यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

**IDBI BANK**
आईडीबीआई बैंक लि., डब्ल्यूटीसी कॉम्पलेक्स, कफ परेड, मुम्बई, Website: www.idbibank.in
शाखा - आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, लक्ष्मी मार्केट, जिला अस्पताल के पास, एनएच- 75, सीधी, पिन - 486661 म.प्र.

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे की सूचना नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 की 54 ) की धारा 13( 12 ) सपठित नियम 3 प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मांग नोटिस दिनांक **13 मार्च 2026 को उधारकर्ता 1. श्री बसंतलाल मिश्रा ( उधारकर्ता ) और 2. श्रीमती सरोज मिश्रा ( सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता )** को नोटिस में उल्लिखित **रु. 6,65,172.49 ( छह लाख पैंसठ हजार एक सौ बहत्तर रुपये और उन्चास पैसे मात्र )** 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था चूंकि उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता उल्लेखित राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं । अत: खासतौर पर उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता को और सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूती हित ( प्रवर्तन ) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13 की उपधारा ( 4 ) में निहित अधिकारो के प्रत्यायोजन स्वरूप नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर दिनांक **24 जुलाई 2026** को कब्जा ले लिया है। एतद् द्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता को विशेष एवं जन साधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है उक्त संपत्ति विष्यक में कोई संव्यवहार न करें एवं इस सम्पत्ति पर किया गया कोई भी व्यवहार **राशि रु. 6,65,172.49 ( छह लाख पैंसठ हजार एक सौ बहत्तर रुपये और उन्चास पैसे मात्र )** एवं उस पर देय ब्याज हेतु आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के अधीन रहेगी । उधारकर्ता/बंधककर्ता को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

संपत्ति का विवरण

वह पूरी प्रॉपर्टी जो मौजा - ग्राम उत्तरकरौंदिया टोला, प.ह. नंबर - 70, आरएनएम- सीधी गिर्द प्रथम, आराजी खसरा नंबर 15/1/ख, प्लॉट का एरिया - 1500 वर्गफुट ( 139.40वर्गमीटर ), तहसील - गोपद बनास, जिला - सीधी, मध्य प्रदेश - 486771 ( श्रीमती सरोज मिश्रा के नाम पर ) में स्थित है।

सीमाएँ इस प्रकार हैं - पूर्व में - 10 फीट की प्रस्तावित सड़क, पश्चिम में - श्री पृथ्वीराज सिंह की भूमि, दक्षिण में - विक्रेता ( श्री जगजीवनलाल सिंह ) की जमीन, उत्तर में - सुश्री अर्चना मिश्रा की जमीन

उस पर मौजूद वर्तमान और भविष्य की सभी एवं पृथक-पृथक संरचनायें और निर्माण दोनो साथ साथ इस में शामिल है।

अधिकृत अधिकारी
स्थान : सीधी, दिनांक - 29/07/2026 आईडीबीआई बैंक लि.

**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय**
शिक्षा मंत्रालय का एक स्वायत्त संस्थान (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) भारत सरकार,अमरकंटक जिला - अनूपपुर मध्य प्रदेश-484886
**PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA**
An Autonomous Organization under Ministry of Education, (Deptt of School Education and Literacy)
Govt. of India, Amarkantak Disstt. - Anuppur, M.P. 484886
UDISE- 23471126905 Affiliation - 1040017 School no- 54046 email invanuppur@gmail.com

F.No. JNV(AMK)/interview/2026-27/ 368 Dt. 27/07/2026

**NOTICE**

**VIRTUAL INTERVIEW FOR THE POST OF PGT (C.S.),TGT MATHS ON CONTRACT BASIS ON DATED 03.08.2026**

PM SHRI School JNV Amarkantak, Distt. Anuppur (M.P.) invites applications from eligible candidates for engagement of PGT COMPUTER SCIENCE,TGT MATHS purely on contract basis for the Academic session 2026-27. Interested candidates may submit their application along with self- attested copies of educational qualifications, experience certificates and other relevant document through e-mail only at jnvanuppur@gmail.com on or before 02.08.2026. Interview will be totally Virtual and no application will be accepted after 02.08.2026

| Sl. No. | Post | Educational Qualification | |
|---|---|---|---|
| | | Essential | Desirable |
| 1 | PGT Computer Science (01 post) | 1. M.Sc. (Computer Science/IT)/ MCA from recognized institution with at least 50% marks.<br>OR<br>M.E. Or M.Tech. (Computer Science/IT) from recognized institution with at least 50% marks.<br>2. B.Ed. Degree from NCTE recognized institution with at least 50% marks.<br>OR<br>Three years integrated B.Ed. M.Ed. from NCTE recognized institution with at least 50% marks.<br>OR<br>Four years integrate Degree with at least 50% marks from NCTE recognized institution including B.Ed. component. | (a)Teaching experience in similarcapacity in a recognized school.<br>(b) Experience Of working in a residential school.<br>(c) Knowledge Of Computerapplication.<br>(d) Knowledge Of regional languages |
| 2 | TGT Maths (01 post) | A) Four years integrated degree course from NCTE recognized institution with at least 50% marks in the concerned subject(s) as well as in the aggregate including B.Ed. component<br>OR<br>Bachelors/Honors Degree from a recognized institution with at least 50% marks in concerned subject, combination of subjects as well as in the aggregate and B.Ed. Degree from NCTE recognized institution with at least 50% marks/ three years. integrated B.Ed.- M.Ed. from NCTE recognized institution with at least 50% marks/01 year B.Ed. (Special Education) from RCI recognized Institution with at least 50% marks.<br>OR<br>Post Graduation in concerned subject/any specialization in concerned subject with a minimum 55% marks or equivalent grade provided that the candidate has studied the concerned subject(s) mentioned in the note below at the graduation level and three years integrated B.Ed.- M.Ed. from NCTE recognized institution with at least 50% marks.<br>Qualified in the Central Teacher Eligibility Test (Paper-II) conducted by the Government of India. Competence to teach through English &Hindi a) For TGT (Maths) -<br>The candidates should have studied:<br>Mathematics as Elective/Main Subject in at least three years/06 Semesters in graduation/four years integrated degree course.<br>* Physics at least 01 year/any 02 semesters.<br>* One out of Chemistry, Electronics, Computer Science, Statistics at least 01 year/any 02 semesters.<br>(i) The candidates who have studied under Choice Based Credit System (CBCS) with the above subject combination are also eligible to apply.<br>(ii) Candidates with B.Sc. (Hons.) in Physics or Chemistry are not eligible for the post of TGT(Maths) | a) Teaching experience in similar capacity in a recognized school.<br>(b) Experience of working in a residential school.<br>(c) Knowledge of Computer application.<br>(d) Knowledge regional languages |

(1)Age limit- Upper age limit 50 years as on date of engagement, relaxation as per NVS norms.(2) The Engagement is purely on a temporary basis,No Ta/Da payable for interview. (3) Willing candidates are requested to join interview on virtual/online mode. (4) Interview link will be shared on date and time of interview.
For any assist call- 8103322261

(ARCHANA SINGH PAYAK)
Principal Principal dyshree JNV Amarkantak Dist. Anuppur (M.P.)

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर म.प्र.**

क्रं./1194/अ.वि.अ./भू-अर्जन/2026 — **प्रारंभिक अधिसूचना (देखिये धारा 11)** — नरसिंहपुर, दिनांक- 01/07/2026

**रा.मा.क्र.0004./अ-82 / 2025-26 मौजा ग्राम - बड़ियाघाट**
**प.ह.नं.-10 न.ब.-282 तहसील - तेंदूखेड़ा**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये बोरास बेराज निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Ideentification No. - EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30.01.2023 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 की उपधारा-2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नही होगें । अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :-

**अनूसूची 1**

1. परियोजना का नाम : चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये डूब क्षेत्र हेतु ।
2. भूमि का विवरण
   1. जिला : नरसिंहपुर
   2. तहसील : तेंदूखेड़ा
   3. ग्राम : बड़ियाघाट
   4. प.ह.न. : 10
   5. नं.बं. : 282
   6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 8.926 हेक्टेयर

**अनुसूची 2**

| क्रं. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | भागीरथी बाई पत्नी सेठ डालचन्द जाति पालीवाल पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 8/5(S) | 0.064 |
| 2 | दशरथ पुत्र रविशंकर जाति ढीमर पता चावरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी राकेश पुत्र रविशंकर जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी गीताबाई पुत्री रविशंकर जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी हक्की बाई वेवा रविशंकर जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 14/1(S) | 0.062 |
| 3 | रामप्रसाद पुत्र छोटा जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 14/2(S) | 0.064 |
| 4 | संतोष पुत्र उमाशंकर जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 14/3(S) | 0.178 |
| 5 | नरबदी पुत्र नन्हेलाल जाति ढीमर पता बड़ियाघाट तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 15/2(S) | 0.088 |
| 6 | गीताबाई बेवा मंगल जाति ढीमर पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी दीपक पुत्र मंगल जाति ढीमर पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी कृष्णाबाई पुत्री मंगल जाति ढीमर पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 15/3(S) | 0.070 |
| 7 | कालूराम पुत्र नन्हेलाल जाति ढीमर पता बड़ियाघाट नरबदी पुत्र नन्हेलाल जाति ढीमर पता बड़ियाघाट तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 15/4(S) | 0.004 |
| 8 | रेवराम पुत्र पुरूषोत्तम वैरागी जाति वैरागी पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी गनेशदास पुत्र पुरूषोत्तमदास वैरागी जाति वैरागी पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी रामदास पुत्र पुरूषोत्तम दास वैरागी जाति वैरागी पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी रामेतीबाई पुत्री परषोत्तमदास वैरागी जाति वैरागी पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 22(S) | 0.144 |
| 9 | शम्भूरतन पुत्र जगदीश प्रसाद जाति ब्रा. पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 23/1(S)<br>24/1(S)<br>28/1(S) | 0.241 |
| 10 | टेकचन्द पुत्र हल्के जाति मल्लाह पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 23/2(S)<br>24/2(S)<br>28/2(S)<br>31(S)<br>32(S)<br>33(S)<br>36(S) | 0.202<br>0.248<br><br>0.008<br>0.008<br>0.101<br>0.120 |
| 11 | चद्रेश कुमार पुत्र बसंत पालीवाल जाति ब्रा. पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 34(S) | 0.078 |
| 12 | द्वारका प्रसाद पिता दयालसिंह जाति मलाह पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी हेमराज पिता दयालसिंह जाति मलाह पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी कोदूलाल पिता दयालसिंह जाति मलाह पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी हीरालाल पिता दयालसिंह जाति मलाह पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी त्रिवेणी पुत्री दयालसिंह जाति मलाह पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी गुड्डीवाई पुत्री दयालसिंह जाति मलाह पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 35(S) | 0.108 |
| 13 | मीराबाई पुत्री माखनलाल जाति चमार पता बरमान करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 46/1(S)<br>46/2(S) | 0.088<br>0.072 |
| 14 | अंकित कुमार पुत्र अशोक कुमार वानिया पता बरमानकला करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 50/1/2/3 (S) | 0.080 |
| 15 | झुमकलाल पुत्र शालिगराम जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 50/2(S)<br>51/2 | 0.084 |
| 16 | बैजन्तीबाई पुत्री कोदूलाल शीलाबाई पुत्री कोदूलाल जाति ढीमर पता चांवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 50/3(S)<br>51/2 | |
| 17 | भगवानदास पुत्र हरीराम जाति ढीमर पता चौवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 55/2(S)<br>56(S) | 0.012<br>0.012 |
| 18 | गौरव पुत्र प्रभात कुमार जाति ब्रा. पता चॉवरपाठा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 48(S)<br>49(S) | 0.364<br>0.291 |
| 19 | (शासकीय) भागीरथी वाई वेवा सेठ डालचंद जाति पालीवाल पत सा. चॉवरपाठा भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 59/2(S) | 0.316 |
| 20 | देवीसिंह पुत्र एकमसिंह जाति लोधी पता बरमानकला करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 60/2(S)<br>61(S)<br>62/2(S)<br>63/1(S)<br>64/1(S)<br>66(S) | 0.604<br>0.024<br>0.518<br>0.729<br>1.418<br>0.061 |
| 21 | भानुमति वेवा रघुराज सिंह जाति लोधी पता बरमानकला तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 62/2(S)<br>62/2(S)<br>64/2(S) | 0.518<br>0.729<br>1.418 |
| | **कुल योग** | | | **8.926** |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30 ) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक - एफ भोपाल दिनांक- एफ 16-15 ( 7 ) - 2014- सात - शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा - 12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता हैं ।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर

पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर (कक्ष क्रमांक- 84, भू-अर्जन शाखा, नरसिंहपुर ) अथवा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तेंदूखेड़ा कार्यालय में आपेक्ष यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे।

भूमि संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तेंदूखेड़ा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार ।**

**(पूजा मोनी)**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं**
**सह भू-अर्जन अधिकारी तेंदूखेड़ा**
**जिला - नरसिंहपुर**

"स्वच्छता ही सेवा"
G-16368/26

**(रजनी सिंह)**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजेस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)**

## चिंतन

# छात्रों का सम्मान, लेकिन दंगाइयों पर न बरतें नरमी

हाल ही में नीट पेपर लीक को लेकर छात्र आंदोलनों के दौरान हुई गिरफ्तारियों और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और जिन्हें केवल प्रदर्शन में भाग लेने के कारण हिरासत में लिया गया है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। साथ ही, अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई गई है। यह फैसला लोकतंत्र, न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल छात्रों को राहत देने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिसकर्मियों दोनों के घायल होने की घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इसके लिए अदालत ने डिजिटल साक्ष्यों सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग और अन्य रिकॉर्ड को भी सुरक्षित रखने का निर्देश देकर यह संदेश दिया है कि न्याय तथ्यों के आधार पर होना चाहिए, न कि आरोपों और राजनीतिक दावों के आधार पर। यदि किसी छात्र के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए, लेकिन यदि किसी ने हिंसा, आगजनी या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई भी होनी चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनकारियों की निजी जानकारी या पहचान संबंधी विवरण किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं की जाए। इससे शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लोकतंत्र में विरोध का पूरा सम्मान है, लेकिन कानून से ऊपर कोई नहीं है। देश में पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं ने युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा देते हैं और जब उनकी मेहनत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती है तो आक्रोश स्वाभाविक है। सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पारदर्शी और भरोसेमंद व्यवस्था बनाएं। वहीं, छात्रों को भी यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक विरोध का अर्थ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना या हिंसा का सहारा लेना नहीं है। शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की ताकत है, जबकि हिंसा उसकी सबसे बड़ी कमजोरी। यह भी उतना ही आवश्यक है कि पुलिस कार्रवाई कानून के दायरे में रहे। यदि कहीं अनावश्यक बल प्रयोग हुआ है या निर्दोष छात्रों को निशाना बनाया गया है तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। दूसरी ओर, यदि जांच में यह सामने आता है कि हिंसा में बाहरी असामाजिक तत्व शामिल थे या कुछ लोगों ने आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाई, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। सबसे बड़ी चिंता यह है कि हर बड़े छात्र आंदोलन के बाद असली मुद्दा पीछे छूट जाता है और बहस केवल राजनीति, आरोप-प्रत्यारोप और पुलिस कार्रवाई तक सीमित होकर रह जाती है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का संदेश स्पष्ट है कि निर्दोष छात्रों की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा होनी चाहिए, लेकिन कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं मिल सकता। सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा प्रणाली इतनी मजबूत बने कि छात्रों को बार-बार सड़कों पर उतरने की नौबत ही न आए। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का सम्मान होना चाहिए, पर हिंसा और अराजकता को कभी भी आंदोलन का वैध माध्यम नहीं माना जा सकता। छात्रों को न्याय मिले, लेकिन दंगाइयों पर कानून की कठोरता भी उतनी ही दिखाई दे, यही न्याय, लोकतंत्र और सुशासन की वास्तविक कसौटी है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# भारतीय राजनीति का बदलता स्वरूप

भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक-दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है।

भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक-दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम में समर्थकों और विरोधियों के बीच जो तीखी बयानबाजी हुई, उसने आधुनिक लोकतंत्र में सूचना, तथ्य और दुष्प्रचार के बीच की लगातार धुंधली होती रेखा को भी पूरी तरह उजागर कर दिया है। कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत एक व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में हुई थी, जिसका प्रारंभिक उद्देश्य संभवतः व्यवस्था की खामियों पर हल्का कटाक्ष करना था। देखते ही देखते यह लाखों युवाओं की मुखर आवाज बन गया। इस अप्रत्याशित सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण वह गहरी और संरचनात्मक निराशा थी जो आज के युवाओं में परीक्षा पत्र लीक होने, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाली घोर अनियमितताओं और लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर व्याप्त है। जब भारत के महत्वाकांक्षी युवाओं को पारंपरिक राजनीतिक ढांचे में अपने जीवन से जुड़े ज्वलंत सवालों के जवाब नहीं मिले, तो उन्होंने डिजिटल मंचों को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया। इस आंदोलन ने शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल सुधार और रोजगार के समान अवसरों की मांग को इतनी मजबूती से उठाया कि सरकार को भी बचाव की मुद्रा में आना पड़ा। दिल्ली सहित कई अन्य बड़े शहरों में हुए विशाल प्रदर्शनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह केवल एक आभासी या डिजिटल आक्रोश नहीं था, बल्कि जमीन पर उबल रहा एक वास्तविक और तीव्र गुस्सा था, जिसने अंततः शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक की मांग को मुख्य राष्ट्रीय विमर्श में ला खड़ा किया। जैसे जैसे आंदोलन ने गति पकड़ी और इसका प्रभाव बढ़ने लगा, वैसे वैसे इसके विरोध में भी एक समानांतर और अत्यंत आक्रामक डिजिटल अभियान शुरू हो गया। सोशल मीडिया की यही मूल प्रकृति है कि यहां हर राजनीतिक क्रिया की एक त्वरित और अक्सर बहुत उग्र प्रतिक्रिया होती है। अनेक वायरल पोस्टों के माध्यम से आंदोलन के संस्थापकों और प्रमुख चेहरों पर अत्यंत गंभीर और संगीन आरोप लगाए जाने लगे। यह दावा बड़े पैमाने पर किया गया कि इस आंदोलन का वास्तविक संचालन विदेशों से हो रहा है और इसके पीछे भारत विरोधी विदेशी शक्तियों का हाथ है। कुछ दावों में तो यहां तक कहा गया कि इनके डिजिटल समर्थकों और फॉलोअर्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा पड़ोसी देशों से संचालित हो रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी आरोप को तब तक सत्य नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसके समर्थन में ठोस, निष्पक्ष और स्वतंत्र प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हों। प्रमुख और विश्वसनीय समाचार संस्थानों ने भी इन आंकड़ों की कोई



पुष्टि नहीं की। ऐसे में, बिना किसी विश्वसनीय साक्ष्य के इन गम्भीर दावों को आंख मूंदकर स्वीकार कर लेना केवल राजनीतिक दुष्प्रचार को बढ़ावा देना है। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यहां किसी भी सत्यापित सत्य से अधिक भड़काने वाली भावनाएं तेजी से फैलती हैं। यदि कोई सूचना या दावा राष्ट्रवाद, धर्म, राष्ट्रीय सुरक्षा या किसी ऐतिहासिक अन्याय जैसे संवेदनशील विषयों से जुड़ा हो, तो उसके वायरल होने की गति कई गुना बढ़ जाती है। राजनीतिक दल, उनके सूचना तंत्र और विभिन्न हितधारक संगठन आम जनमानस के इस मनोविज्ञान को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यही कारण है कि आज डिजिटल प्रचार और सूचनाओं का हेरफेर राजनीतिक रणनीति का एक अत्यंत अभिन्न अंग बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में अक्सर अपुष्ट और भ्रामक जानकारी इतने बड़े पैमाने पर और इतनी चतुराई से फैलाई जाती है कि एक आम नागरिक के लिए यह तय करना लगभग असंभव हो जाता है कि क्या सच है और क्या पूर्ण रूप से झूठ। भावनाओं के इस तेज ज्वार में तथ्य कहीं बहुत पीछे छूट जाते हैं, और हमारा समाज एक ऐसे अंधे ध्रुवीकरण की ओर बढ़ जाता है, जहां शांत और तार्किक बहस के लिए कोई स्थान नहीं बचता। इस पूरे राष्ट्रीय विवाद के दौरान सरकार और कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसियों की भूमिका भी गहन जांच और चर्चा का विषय बनी रही। जब हजारों युवा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे तो उन पर नजर रखने के लिए सरकार द्वारा ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य अत्याधुनिक आधुनिक निगरानी प्रणालियों का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया। यह सच है कि आधुनिक समय में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन इसका उपयोग नागरिकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों को दबाने या उनकी निजता के हनन के लिए कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस पूरे राजनीतिक विवाद का एक अत्यंत निराशाजनक पहलू सार्वजनिक संवाद और राजनीतिक भाषा के लगातार गिरते स्तर से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर विरोधियों के खिलाफ जिस प्रकार की जहरीली भाषा का प्रयोग किया गया, वह किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिए बहुत ही चिंताजनक है। वैचारिक विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए अत्यंत अपमानजनक शब्दों का लगातार इस्तेमाल और यहां तक कि उन्हें हिंसक तरीके से सबक सिखाने की खुली धमकियां आम हो गईं। लोकतंत्र में वैचारिक असहमति का होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि व्यवस्था को जीवंत बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक भी है। लेकिन जब यह असहमति व्यक्तिगत शत्रुता में बदल जाए और खुलेआम हिंसा का आह्वान होने लगे, तो यह हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों का सीधा और स्पष्ट उल्लंघन माना जाता है। भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन इस अधिकार के साथ यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि हम कानून व्यवस्था का सम्मान करें। अंततः, इस पूरे बदलते राजनीतिक परिदृश्य में सबसे बड़ी और निर्णायक भूमिका युवाओं, आम नागरिकों और मुख्यधारा की मीडिया की ही रहने वाली है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी युवाओं की है, और यदि उनके रोजगार, निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े बुनियादी सवालों को नीतिगत स्तर पर हल नहीं किया गया, तो ऐसे आंदोलन भविष्य में भी नए रूपों में जन्म लेते रहेंगे। आधुनिक लोकतंत्र की वास्तविक सफलता अब केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि हम सार्वजनिक विमर्श को कितनी जिम्मेदारी, तथ्यपरकता और परिपक्वता के साथ आगे बढ़ाते हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. घनश्याम बादल




# राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिवस बने गुरु पूर्णिमा

भारतीय संस्कृति में यदि किसी संबंध को सर्वाधिक पवित्र और जीवन-निर्माणकारी माना गया है तो वह है गुरु और शिष्य का संबंध। गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, कर्तव्य और उत्तरदायित्व के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का उत्सव है। यह वह अवसर है जब हम उन गुरुओं को नमन करते हैं जिन्होंने अपने ज्ञान, तप, त्याग और चरित्र से केवल व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का निर्माण किया। गुरु को ही ब्रह्मा विष्णु और महेश मानने वाले भारत में महर्षि वेदव्यास की स्मृति में मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा हमें यह याद दिलाती है कि ज्ञान का प्रकाश ही अज्ञान के अंधकार को समाप्त करता है। भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान दिया गया है क्योंकि वही शिष्य को ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है। कबीर ने लिखा-

*गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय। बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।*

केवल एक दोहा मात्र नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन का सार है। प्राचीन भारत के गुरुकुल केवल शिक्षा के केंद्र नहीं थे, वे चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रधर्म की प्रयोगशालाएं थे। महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, द्रोणाचार्य, सांदीपनि, चाणक्य जैसे गुरुओं ने केवल विद्वान ही नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व गढ़े जिन्होंने इतिहास की दिशा बदल दी। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में गुरु वशिष्ठ का योगदान था। श्रीकृष्ण ने गुरु सांदीपनि से जीवन का अनुशासन सीखा और चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को तैयार कर भारत के राजनीतिक इतिहास को नई दिशा दी। इन गुरुओं ने शिक्षा को कभी जीविका का साधन नहीं बनाया, बल्कि लोककल्याण का माध्यम माना। इस देश में प्राचीन काल में गुरु का दायित्व केवल शास्त्र पढ़ाना नहीं था। वह शिष्य के भीतर सत्य, करुणा, परिश्रम, राष्ट्रप्रेम, आत्मसंयम और न्याय जैसे मूल्यों का विकास करता था। शिक्षा का उद्देश्य नौकरी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाना था। इसी कारण गुरुकुल से निकलने वाला विद्यार्थी समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनता था। लेकिन जैसे-जैसे समय बदला, समाज बदला और शिक्षा की संरचना भी बदल गई। आज गुरुकुलों का स्थान विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने ले लिया है। ज्ञान का विस्तार हुआ है, तकनीक ने शिक्षा को सुलभ बनाया है, लेकिन गुरु-शिष्य संबंधों की आत्मीयता कहीं न कहीं कमजोर हुई है। शिक्षा अब सेवा से अधिक व्यवसाय और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनती जा रही है। अंकों और प्रमाणपत्रों की दौड़ में व्यक्तित्व निर्माण का पक्ष अपेक्षाकृत पीछे छूट गया है। इसमें दो राय नहीं कि आज का शिक्षक अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रशासनिक कार्य, परीक्षा व्यवस्था, डिजिटल रिपोर्टिंग, अभिभावकों की अपेक्षाएं और बाज़ारवादी शिक्षा व्यवस्था उसके मूल दायित्व को प्रभावित करती हैं। दूसरी ओर विद्यार्थियों की दुनिया भी मोबाइल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया और त्वरित सफलता की संस्कृति से संचालित हो रही है। ऐसे वातावरण में गुरु और शिष्य के बीच संवाद, विश्वास और आत्मीयता का दायरा सिमटता जा रहा है। फिर भी यह सच है कि समाज का भविष्य आज भी कक्षा में ही लिखा जाता है। इसलिए आज के आदर्श गुरु की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उसे केवल विषय विशेषज्ञ नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक, संवेदनशील नागरिक और नैतिक नेतृत्वकर्ता बनना होगा। उसे विद्यार्थियों को केवल परीक्षा की तैयारी नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी सिखाना होगा। यदि शिक्षक समय का सम्मान करता है, सत्यनिष्ठ है, निष्पक्ष है और निरंतर अध्ययनशील है, तो उसके विद्यार्थी स्वतः ही उन गुणों को अपनाने लगते हैं। गुरु पूर्णिमा संदेश देती है कि राष्ट्र का भविष्य किसी संसद, न्यायालय या उद्योग में नहीं, बल्कि सबसे पहले कक्षा में तैयार होता है। जब गुरु ज्ञान के साथ संस्कार देगा, शिष्य श्रद्धा के साथ जिज्ञासा रखेगा और समाज शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सर्वोच्च माध्यम मानेगा, तभी एक सशक्त, संवेदनशील और नैतिक भारत का निर्माण संभव होगा। गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि भविष्य का शिल्पकार है। इसलिए गुरु का सम्मान केवल परंपरा नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य में आस्था का सबसे बड़ा उत्सव होना चाहिए।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## भगवान को बिना खिलाए मंदिर से लौटना नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राम्हण था, भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में बड़ी सेवा किया करता था। उसकी पत्नी इस बात से हमेशा चिढ़ती थी कि हर बात में वह पहले भगवान को लाता। भोजन हो, वस्त्र हो या हर चीज पहले भगवान को समर्पित करता। एक दिन घर में लड्डू बने। ब्राम्हण ने लड्डू लिए और भोग लगाने चल दिया। पत्नी इससे नाराज हो गई। कहने लगी कोई पत्थर की मूर्ति जिंदा होकर तो खाएगी नहीं जो हर चीज लेकर मंदिर की तरफ दौड़ पड़ते हो। अबकी बार बिना खिलाए न लौटना, देखती हूँ कैसे भगवान खाने आते हैं। बस ब्राम्हण ने भी पत्नी के ताने सुनकर ठान ली कि बिना भगवान को खिलाए आज मंदिर से लौटना नहीं है। मंदिर में जाकर भगवान के सामने लड्डू रखकर विनती करने लगा। एक घड़ी बीती। आधा दिन बीता, न तो भगवान आए न ब्राम्हण हटा। सभी कौतूहलवश देखने लगे कि आखिर होना क्या है। मक्खियाँ भिनभिनाने लगी, ब्राम्हण उन्हें उड़ाता रहा। मीठे की गंध से चीटियां भी चली आईं। ब्राम्हण ने उन्हें भी हटाया। ब्राम्हण ने उनको भी खदेड़ा। दिन ढल गया, शाम हो गई। न भगवान आए, न ब्राम्हण उठा। शाम से रात हो गई। धीरे-धीरे सब घर चले गए। ब्राम्हण को भी गुस्सा आ गया, लड्डू उठाकर बाहर फेंक दिए। ब्राम्हण पत्नी के ताने सुनकर सो गया। रात को सपने में भगवान आए। बोले- तेरे लड्डू खाए थे मैंने। बहुत बढिय़ा थे, कितने रूप धरने पड़े तेरे लड्डू खाने के लिए, मक्खी, चीटी, कुत्ता, भिखारी। पर तूने हाथ नहीं धरने दिया। दिन भर इंतजार करना पड़ा।

## सटाका




## आज की पाती

### आंदोलन, नेतृत्व और लोकतंत्र

लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवाद, असहमति और उत्तरदायित्व से भी संचालित होता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन सामाजिक चेतना का माध्यम होते हैं। वे सत्ता को आईना दिखाते हैं, जनता की पीड़ा को स्वर देते हैं और नीतिगत सुधारों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। किंतु इतिहास यह भी बताता है कि हर आंदोलन स्वतः पवित्र नहीं होता और न ही हर आंदोलन संदेह से परे होता है। यदि किसी आंदोलन के उद्देश्य, नेतृत्व, वित्तीय स्रोत, संगठनात्मक संरचना और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठते हैं, तो उनका उत्तर भी लोकतांत्रिक पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। आंदोलन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का मूल्यांकन प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए।

*-रुद्रांश, रोहतक*

## ट्रेंड

### शर्मिला को बधाई



शर्मिला को महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में बेहद खास गोल्ड मेडल जीतने और सीज़न का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के लिए बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### दिल्ली लक्ष्मी योजना



'दिल्ली लक्ष्मी योजना' का पोर्टल 1 अगस्त से शुरू होगा। प्रक्रिया पूरी होने पर, रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को 2,500 की पहली किस्त जारी की जाएगी। यह बहनों के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के प्रति एक संकल्प है।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली


### छात्र आतंकवादी नहीं



भाजपा को क्या हो गया है? बिहार में हमारे छात्रों पर ऐके-47 से गोलियां चलाई गईं। क्या ये छात्र आतंकवादी हैं? मैं सम्राट मोदी को याद दिलाना चाहता हूँ- लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बिहार की धरती कभी इस नारे से गूंजी थी-"गद्दी छोड़ दो, क्योंकि जनता आ रही है।"

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### कोरी बयानबाजी



प्रयागराज विरोध प्रदर्शन की आड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष टीम ने कई छात्रों को बिना नंबर वाली गाड़ी में उठा लिया है। क्या उत्तर प्रदेश पुलिस प्रधानमंत्री के आश्वासनों और वादों को कोरी बयानबाजी साबित करना चाहती है?

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर


# श्रीलंका के प्राचीन हिंदू मंदिर में अनुष्ठान की हुई शुरुआत



श्रीलंका के तटीय शहर देविनुवारा स्थित प्राचीन हिंदू मंदिर में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सदियों से चले आ रहे धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व में अंडरवर्ल्ड की धमकी की वजह से इस अनुष्ठान को रद्द कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उथपालावाना श्री विष्णु मंदिर में एसाला पेराहेरा (धार्मिक जुलूस) के दौरान 'कावड़ी' अनुष्ठान की सुरक्षा के लिए विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के सदस्यों समेत लगभग 1,500 जवानों को तैनात किया गया है। ऐसी खुफिया जानकारी मिली थी कि भगोड़े मादक पदार्थ माफिया शेहान सथसारा और कांजीपनी इमरान के बीच जारी 'गैंगवार' की वजह से अनुष्ठान के दौरान हथियारबंद लोगों द्वारा या ड्रोन से हमला किया जा सकता है, जिसके बाद रविवार को पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था, लेकिन बाद में इसे फिर से शुरू किया गया। माना जाता है कि ये दोनों अपराधी विदेश से अपना नेटवर्क चला रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को 'कावड़ी' अनुष्ठान में शामिल लोगों की सुरक्षा जांच की गई और कुछ लोगों से मादक पदार्थ क्रिस्टल मेथामफेटामाइन (जिसे स्थानीय भाषा में 'आइस' कहा जाता है) और गांजा जब्त किया गया।

## ऑफ बीट

# क्या एआई सुलझा पाएगी प्राचीन भाषाओं की गुत्थी



आज तक जिन भी प्राचीन भाषाओं को पढ़ा और समझा जा सका है, उनके रहस्य सुलझाने के लिए शोधकर्ताओं को किसी न किसी आधार का सहारा मिला है। आमतौर पर यह आधार कोई द्विभाषी अभिलेख होता है, जैसे रोसेटा स्टोन, या फिर उससे मिलती-जुलती कोई ज्ञात भाषा, जिससे तुलना की जा सके, लेकिन कांस्य युग में यूनान के क्रीट द्वीप पर विकसित मिनोअन सभ्यता की लिपि 'लीनियर ए' के साथ ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। 'लीनियर ए' को भाषाविज्ञान में 'असंबद्ध भाषा' माना जाता है, क्योंकि इसका किसी ज्ञात जीवित या विलुप्त भाषा से अबतक कोई प्रमाणित संबंध स्थापित नहीं हो सका है। यही कारण है कि पिछले एक शताब्दी से यह भाषाविदों के लिए सबसे कठिन पहेलियों में से एक बनी हुई है। इसी तरह रोमन साम्राज्य के उदय से पहले प्रचलित रही इटली की 'एट्रस्कन' भाषा को समझने में भी केवल सीमित सफलता मिली है। कब्रों पर मिले छोटे-छोटे अभिलेखों के आधार पर इसका कुछ शब्दकोश तैयार किया जा सका है, लेकिन इसकी व्याकरण और गहरे अर्थ अब भी भाषाविदों की पकड़ से बाहर हैं। यही वे भाषाएं हैं, जिनकी पहेली सुलझाने में अब कृत्रिम मेधा (एआई) को भी शामिल किया जा रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आज फिर दिखी सदन में तीखी नोकझोंक और वार-पलटवार

# 'इमरजेंसी' पर भिड़े रिजिजू और अखिलेश, किरेन बोले- आंदोलन के बाद बिल लेकर आना अच्छा है या आंदोलन को कुचलने के लिए...

*लोकसभा में मंगलवार को एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री रिजिजू और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। यादव ने सरकार पर प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक हमला बोलने का आरोप लगाया, जबकि रिजिजू ने आपातकाल का जिक्र कर पलटवार किया।*





एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अखिलेश ने सरकार पर प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक हमला बोलने का आरोप लगाया, जबकि रिजिजू ने आपातकाल का जिक्र कर पलटवार किया।

यादव ने कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि कहीं यही नौजवान हमारे लिए आपदा न बन जाएं। शिक्षा सच्ची होगी तो तरक्की भी पक्की होगी। उन्होंने पूछा कि 2024 में भी बिल लाया गया था, फिर भी पर्चा क्यों लीक हुआ? बिल लेकर क्यों आना पड़ा, यह बताएं। इस पर रिजिजू ने टोका और कहा कि आप बता दीजिए कि आंदोलन के बाद बिल लेकर आना अच्छा है या आंदोलन को कुचलने के लिए इमरजेंसी लगा देना अच्छा है? यादव ने जवाब दिया कि हमने इमरजेंसी नहीं देखी है, लेकिन दिल्ली में देखा है। आंसू गैस के गोले और लकड़ी पर कील जैसा कुछ लगाया गया था, जिसमें करेंट भी था। दिल्ली में जो हुआ, वह भी इमरजेंसी से कम नहीं था। अगर इमरजेंसी याद आ गई है, तो इमरजेंसी के बाद भी परिवर्तन हुआ था और इस बार भी परिवर्तन होगा। चढ़ावा चोरी, गुप्तदान भी चोरी हुआ है। भगवान भी आपको माफ नहीं करेंगे।

### आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया प्रधान को बचा लिया: यादव

यादव ने कहा कि छात्र आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के खिलाफ नारा लगा कि सरकार को ये अहंकार था कि ये सरकार झुकती नहीं है। लेकिन नौजवानों ये नारा दिया कि झुकाने वाला चाहिए। सरकार भी झुकती है। सरकार झुकी और स्वीकार किया उसने जो करोड़ों नौजवान मांग कर रहे थे। सदन में उन आश्वासनों को सरकार क्यों नहीं रख रही है। सभी सदस्यों को कितनी राहत मिली होगी कि एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया?

**मां के अंदाज में गरजीं बांसुरी**

### तुम्हारे पांवों के नीचे कोई जमीन नहीं... विपक्ष पर प्रहार, दोहरा रवैया नहीं चलेगा



चर्चा के दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज का संबोधन सिर्फ तथ्यों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें उनकी मां सुषमा स्वराज की शायराना शैली की भी झलक देखने को मिली। उन्होंने अपने भाषण में दुष्यंत कुमार की पंक्तियों- 'तुम्हारे पांवों के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं' से विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उनके इस अंदाज ने सदन में मौजूद कई सदस्यों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। स्वराज ने कहा कि इस मुद्दे पर बहस पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी आरोपी को बेल सरकार नहीं, बल्कि स्वतंत्र न्यायपालिका देती है। उन्होंने यूपीए शासनकाल से लेकर राजस्थान, पश्चिम बंगाल और हाल ही में पंजाब में फार्मेसी ऑफिसर भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के कथित इस्तेमाल जैसे मामलों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

### यूपीए में कितने पेपर लीक हुए देखिए गहलोत सरकार में अकेले 29 लीक

बांसुरी ने कहा विपक्षी नेता एक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये पेपर लीक की समस्या सिर्फ साल 2014 के बाद ही पैदा हुई है। मोदी सरकार की सत्ता में आने से पहले जब एक दशक तक देश में यूपीए की सरकार थी और राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें थीं, तब एक या दो बार नहीं, बल्कि 22 बार परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। उसमें से 6 ऐसी परीक्षाएं थीं, जो सीधे कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अंतर्गत आती थीं। केवल गहलोत सरकार में 29 पेपर लीक हुए थे।

**मालीवाल का केजरीवाल पर गंभीर आरोप**

### पंजाब में हुए 6 पेपर लीक, सीजेपी को बताया आप की 'बी टीम'



राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पंजाब में पेपर लीक मामलों को लेकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पिछले 5 वर्षों में पंजाब में 6 बड़े पेपर लीक हुए, लेकिन केजरीवाल इस मुद्दे पर चुप हैं। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मालीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में पंजाब में छह बड़े पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई परीक्षाओं में नकल के भी आरोप लगे हैं। 19 जुलाई को हुई फार्मेसी परीक्षा में भी बड़े पैमाने पर नकल हुई थी। आप ने ने पंजाब में पेपर लीक के आरोपों से इनकार किया है।

**गोगोई ने कहा**

### लड़कियों पर अत्याचार, पैलेट गन का इस्तेमाल...



कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि छात्र आंदोलन ने यह दिखा दिया कि लोगों के मन से डर खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर के प्रदर्शन के दौरान कुछ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। उन भावनाओं को भी याद रखना चाहिए, जिन्हें छात्रों ने सामने रखा। उन्होंने शायर वसीम बरेलवी की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा, उसूलों पर आंच आए तो टकराना जरूरी है, जिंदा हो तो जिंदा नजर आना जरूरी है।

**अभिषेक ने कहा**

### पेपर लीक नहीं सरकार की नाकामी



टीएमसी नेता और सासंद अभिषेक बेनर्जी ने सरकार को सदन में घेरा। इस दौरान उन्होंनें कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि ठीक से बहस हो, सदन चले। ये सरकार एक परीक्षा भी ठीक से नहीं करा सकती। जब छात्रों ने आवाज उठाई तो उन्हें लाठियां मिली। उन्होंने कहा कि न्यू इंडिया में यंग इंडिया कहां है। पेपर लीक नहीं सरकार की नाकामी समस्या है। भाजपा सरकार को याद रखना चाहिए। कि हर जेनरेशन आपका रिपोर्ट कार्ड बनाती है। इस जेनरेशन के रिपोर्ट कार्ड में सरकार फेल है। फेल है सही तरीके से परीक्षा कराने में। एक अदालत के स्पेशल जज ने सुनवाई नहीं की। सिर्फ इसलिए क्योंकि सीबीआई की ओर से कोई नहीं आया।

### प्रधान सिर्फ एक मुखौटा

गोगोई ने कहा कि आप सुधार नहीं चाहते, क्योंकि संघ के लिए शिक्षा विभाग अहम है। आप चाहते हैं कि शिक्षा के माध्यम से इस पीढ़ी के लोग आपके संगठन के सदस्य बनें। डीयू, आईआईटी, जेएनयू ने अपने स्टूडेंट्स ने कहा कि प्रदर्शन में मता जाओ। क्या ऐसे हम आने वाले भारत का निर्माण करेंगे।

---


**खबर संक्षेप**

### गलत टिप्पणी मामले में एक्ट्रेस पर केस



**कोलकाता।** बंगाली इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस श्रीलेखा मित्रा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि कोलकाता में गत 24 जुलाई को छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद मित्रा कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। उनके खिलाफ प्रधानमंत्री का अपमानजनक पोस्टर दिखाने के आरोप में पुलिस स्टेशनों में शिकायतें की गई हैं।

### तमिलनाडु में 31 से चिकन की बिक्री बंद



**चेन्नई।** तमिलनाडु चिकन ट्रेडर्स फेडरेशन ने ऐलान किया है कि 31 जुलाई से राज्य में चिकन की बिक्री रोक दी जाएगी। पुडुचेरी के चिकन व्यापारियों ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। फेडरेशन का आरोप है ब्रॉयलर कंपनियां सरकार के 12 घंटे पहले फीड बंद करने के नियम का पालन नहीं कर रहीं, जिससे अस्वच्छ सप्लाई हो रही है।

### 7वीं मंजिल से गिरने से पूर्व मंत्री की मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लालबाग में नए विधायक निवास की 7वीं मंजिल से गिरकर पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी की दर्दनाक मौत हो गई है। भुर्जी को विधायक निवास से नीचे गिरा पाए जाने पर तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। कारण का खुलासा नहीं हुआ है।

### दिल्ली की महिलाओं को 2500 रु. मिलेंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए हर महीने 2,500 की आर्थिक मदद देने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। सीएम रेखा गुप्ता ने पात्र महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि हमने कैबिनेट की बैठक में पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 की आर्थिक मदद को मंजूरी दे दी है।

---

## कई राज्यों में दिखी आफत की बारिश, असम और नगालैंड में बाढ़ का तांडव

*बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान शुरू*

# वायुसेना ने संभाला मोर्चा... 458 लोगों को सुरक्षित निकाला, हवाई मार्ग से 9 टन राहत सामग्री पहुंचाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/गुवाहाटी



भारतीय वायुसेना द्वारा असम और नागालैंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान लगातार जारी है। खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वायुसेना राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। मंगलवार को भारतीय वायुसेना ने बताया कि पिछले 10 दिनों के दौरान उसके हेलीकॉप्टरों ने बाढ़ में फंसे 458 लोगों को सुरक्षित बचाकर निकाला है।

वायुसेना जहां एक ओर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बचाने में कामयाब रही है, वहीं इस आपदा में लोगों तक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचा रही है। अभी तक प्रभावित क्षेत्रों में हवाई मार्ग से 9 टन से अधिक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचाई गई है। वायुसेना के अधिकारी व जवान, राहत अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर से लगातार दुर्गम और जलमग्न क्षेत्रों में उड़ान भर रहे हैं। ये वे प्रभावित क्षेत्र हैं जहां सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो चुका है। इन अभियानों के जरिए फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ-साथ खाद्य सामग्री, दवाइयां और अन्य जरूरी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

### शिवसागर में बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

असम के शिवसागर जिले में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है क्योंकि नौजान गांव में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे सैकड़ों परिवार आश्रय, भोजन और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि राहत अभियान तेज कर दिए गए हैं।वहीं, असम के विधायकों ने एक बड़ा फैसला लिया है। रायजोर दल को छोड़कर सभी विधायकों ने मंगलवार को राज्य के बाढ़ पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की।

**अध्यक्ष रणजीत ने कहा**

### विधानसभा, सचिवालय के कर्मी करेंगे वेतन का दान

अध्यक्ष रणजीत कुमार दास ने कहा कि वह और उपाध्यक्ष हब्बे टेरोन बाढ़ राहत के लिए एक महीने का वेतन दान करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि हमारे अलावा, विधानसभा सचिवालय के सभी कर्मचारी पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए एक दिन का वेतन दान करेंगे।

**असम में बाढ़ का कहर**

### पीएम मोदी ने सांसदों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने असम के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त बाढ़ की स्थिति पर राज्य के सांसदों के साथ बैठक की। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर लिखा,'असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी की सुरक्षा और कुशल मंगल की कामना करता हूं।

### ऊना में उफनते नाले में बह गई कार, परिवार के 4 सदस्य थे सवार

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से जगह-जगह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। चंबा व कांगड़ा में भारी बारिश के बीच दो सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ऊना जिला के अंब क्षेत्र में एक कार नाले में बह गई। परिवार के चार लोग कार में सवार थे। यह पानी के बहाव से बेखबर नाले को पार करने की कोशिश कर रहे थे, इसी बीच कार तेज बहाव की चपेट में आ गई।स्थिति को बिगड़ता देख कार सवारों ने बिना समय गंवाए मुस्तैदी दिखाई और तुरंत वाहन से बाहर कूद गए। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही सेकंड में कार ताश के पत्तों की तरह तेज बहाव में बह गई।

### चंबा में कई इलाकों में मलबा घुसा, कांगड़ा में ट्रक गिरा

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार हो रही भारी बारिश से राज्य के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। चंबा, शिमला, मंडी, कांगड़ा, सिरमौर, सोलन, कुल्लू और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन, नालों के उफान और जलभराव की घटनाएं सामने आई हैं। कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं, जबकि घरों, दुकानों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।






### नोएडा-गाजियाबाद समेत दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, कई इलाकों में जलभराव

दिल्ली और इसके आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार सुबह कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। नोएडा, गाजियाबाद समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। कई इलाकों में जलभराव और लंबा ट्रैफिक जाम भी देखने को मिला। सुबह ऑफिस जाने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा।

### सड़क यातायात पर लगा ब्रेक

राजधानी शिमला में लगातार बारिश के बीच भूस्खलन की घटनाओं से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। सड़क यातायात पर ब्रेक लग गया है। लिफ्ट क्षेत्र के पास कार्ट रोड पर मलबा आने के कारण बसों की आवाजाही रोकनी पड़ी, जबकि कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

**आईएमडी की चेतावनी**

### दो दिन तक बिगड़ा रहेगा मौसम



भारत मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन का असर देश के अधिकतर भागों में दिखाई दे रहा है। दिल्ली समेत पंजाब गुजरात, कोंकण, महाराष्ट्र समेत कई राज्य बारिश के चपेठ में रहेंगे। छत्तीसगढ़ में इसका असर रहा है। जिस कारण से छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे तक बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

---

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने शिवसेना नेता को लगाई फटकार

# वोट मांगो, फिर लोगों को मारो, जमानत अर्जी खारिज की

*कैसा जनप्रतिनिधि...पार्षद को अदालत ने हिदायत भी दी*

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार, 27 जुलाई को शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद रमेश म्हात्रे को तुरंत जमानत देने से इनकार कर दिया। रमेश म्हात्रे पर डोंबिवली के एक म्युनिसिपल अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ मारपीट करने का आरोप है।

रमेश म्हात्रे का डॉक्टरों पर हमला करते हुए वीडियो भी सामने आया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने रमेश म्हात्रे की जमानत रद करते हुए जोर देकर कहा, एक चुना हुआ प्रतिनिधि नागरिकों पर फाइलों और कुर्सियों से हमला नहीं कर सकता।

### डीसीपी लोगों के बयान दर्ज करें



बॉम्बे हाई कोर्ट नेम्हात्रे से कहा कि आप जनता की सेवा करने का वादा करके वोट मांगते हैं, लेकिन चुने जाने के बाद लोगों के साथ मारपीट करते हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की जांच संबंधित जोन के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस को सौंपने का आदेश दिया है और 31 जुलाई तक जांच की प्रगति के बारे में कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि डीसीपी जल्द से जल्द जांच अपने हाथ में लें और यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता, पीड़ितों और गवाहों को पर्याप्त सुरक्षा देते हुए उनके बयान दर्ज करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं।

**अंतरधार्मिक विवाह पर कलकत्ता हाईकोर्ट बोला**

### वयस्कों को जीवनसाथी चुनने का अधिकार, पुलिस दे सुरक्षा



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को बुधवार को हावड़ा में होने वाले एक अंतरधार्मिक विवाह के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस देश के वयस्क नागरिकों को अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।यह टिप्पणी न्यायालय ने अलग-अलग धर्मों से संबंध रखने वाले एक युवक और युवती की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

### सुरक्षा दी जा रही: पुलिस

हावड़ा (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि बुधवार को होने वाले विवाह के दौरान याचिकाकर्ताओं को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट कहा कि अदालत को अंतरधार्मिक विवाह होने के मामले में कोई बाधा नहीं दिखती है। याचिकाकर्ता इस देश के वयस्क नागरिक हैं और उन्हें अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।

## राजकोट चिड़ियाघर की खुशखबर

# जू में 3 एशियाई शेर शावकों का जन्म, संख्या बढ़कर हो गई 20


एजेंसी ▸▸ राजकोट

गुजरात के राजकोट चिड़ियाघर में एशियाई शेर के 3 और शावकों का जन्म हुआ है, जिससे वहां एशियाई शेरों की संख्या 20 हो गई है। अधिकारियों ने कहा, 107 दिन के गर्भकाल के बाद 22 जुलाई की रात को शेर 'धनंजय' और शेरनी 'धरती' के यहां 3 स्वस्थ शावकों का जन्म हुआ। मां और तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। पशु चिकित्सक और कर्मचारी उनकी सेहत का ध्यान रखने के लिए सीसीटीवी के जरिए मादा शेर और उसके शावकों पर चौबीसों घंटे नजर रख रहे हैं।



### 'सफल प्रजनन' का यहां दिखा असर

यह नया जन्म राजकोट जू में एक और सफल प्रजनन (ब्रीडिंग) के महज एक महीने से थोड़े अधिक समय के बाद हुआ है। यह अच्छी बात है। इससे पहले 11 जून को मादा शेर 'धारा' ने 3 शावकों को जन्म दिया था। दोनों ही मामलों में मां और शावक स्वस्थ बताए जा रहे हैं।



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...


**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा । ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## खबर संक्षेप

### नेस्ले की बिक्री और मुनाफे में उछाल



**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया ने मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ के दम पर चालू तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी की बिक्री में 25.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल बिक्री बढ़कर 6,363.3 करोड़ रुपए पहुंच गई है। कंपनी ने इस वृद्धि का श्रेय अपने ब्रांड्स पर उपभोक्ताओं के भरोसे और बेहतर निष्पादन को दिया है। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि कंपनी के निर्यात कारोबार में भी 35.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है।

### अडाणी के अंबुजा ने साझा की सफलता की कहानी



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य से जुड़े बैतूल के कॉन्ट्रैक्टर महेश यादव की प्रेरक सफलता की कहानी साझा की है। महेश यादव ने अपने करियर की शुरुआत एक हेड मेसन के रूप में की। वर्षों तक निर्माण कार्य का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता को लगातार निखारा।

### डाबर ने लांच की 'रियल एक्टिव' फ्रूट जूस रेंज



**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया लिमिटेड के पैकेज्ड फ्रूट जूस ब्रांड रियल ने अपनी 'रियल एक्टिव' फ्रूट जूस रेंज के जरिए उपभोक्ताओं को बिना अतिरिक्त चीनी और बिना अतिरिक्त प्रिजर्वेटिव वाला पेय उपलब्ध कराने का दावा किया है। डाबर इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट मयंक कुमार ने कहा कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी होता है। यह उत्पाद प्राकृतिक फलों के गुणों से भरपूर है और उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

## गलगोटियास विश्वविद्यालय में भारत जापान सहयोग पर मंथन

# गलगोटियास विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोएडा

उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से गलगोटियास विश्वविद्यालय ने जापान के सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अकादमिक विशेषज्ञों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। इस अवसर पर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे भविष्य की तकनीकों से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम और विश्वविद्यालय-उद्योग साझेदारी को आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। विश्वविद्यालय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को क्लीन एनर्जी, सस्टेनेबल मोबिलिटी और नेक्स्ट जनरेशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराना है। इस संवाद ने नीति निर्माताओं, उद्योग जगत, शोधकर्ताओं और युवा प्रतिभाओं को एक साझा मंच पर जोड़ने में विश्वविद्यालयों की भूमिका को भी रेखांकित किया।

**नीति निर्माताओं शोधकर्ताओं और युवा प्रतिभाओं का एक साझा मंच**

**विश्वविद्यालय उद्योग साझेदारी को आगे बढ़ाने पर भी विचार विमर्श हुआ**



गलगोटियास विश्वविद्यालय ने ग्रीन हाइड्रोजन, ईवी, सेमीकंडक्टर और उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान में भारत-जापान सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

**विश्वविद्यालय को 1201-1500 ग्लोबल बैंड में जगह मिली**

विश्वविद्यालय ने बताया कि आने वाले समय में इस पहल के माध्यम से ठोस अनुसंधान कार्यक्रमों, एक्सचेंज योजनाओं और दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारियों को आगे बढ़ाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि गलगोटियास विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 1201-1400 ग्लोबल बैंड में स्थान मिला है। वहीं, टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भी विश्वविद्यालय को 1201-1500 ग्लोबल बैंड में जगह मिली है। विश्वविद्यालय को नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त है। विश्वविद्यालय के अनुसार, वर्ष 2026 में विद्यार्थियों को 1,250 से अधिक कंपनियों से 5,500 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं।

### जापानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय : गलगोटिया

गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि जापानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि इन चर्चाओं को संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, एक्सचेंज प्रोग्राम और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के रूप में आगे बढ़ाया जाए, जिससे विद्यार्थी और फैकल्टी सीधे लाभान्वित हो सकें। बैठक में भारत और जापान के बीच तकनीकी और शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। जापान मैन्युफैक्चरिंग, क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी और औद्योगिक नवाचार में विशेषज्ञता रखता है, जबकि भारत के पास विशाल इंजीनियरिंग और रिसर्च टैलेंट उपलब्ध है। दोनों देशों की क्षमताएं मिलकर नई तकनीकों के विकास और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी के तहत उच्च शिक्षा और अनुसंधान सहयोग तेजी से महत्वपूर्ण हो रहा है। संयुक्त शोध कार्यक्रम, पीएचडी सहयोग, फैकल्टी-स्टूडेंट एक्सचेंज और उद्योग साझेदारी के माध्यम से दोनों देश साझा प्राथमिकताओं को नवाचार में बदल सकते हैं। उत्तर प्रदेश में भी क्लीन एनर्जी, ईवी कंपोनेंट्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। गलगोटियास विश्वविद्यालय का यह संवाद अपनी अनुसंधान क्षमताओं और प्रतिभा विकास को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जरूरतों के अनुरूप मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एआईएमटीसी ने प्रधानमंत्री और सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा पत्र

# कमर्शियल वाहनों की पेलोड क्षमता बढ़ाने पर रोक की मांग, असर ट्रांसपोर्ट उद्योग पर ही

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कमर्शियल वाहनों की पेलोड क्षमता बढ़ाने के निर्णय की तकनीकी और कानूनी समीक्षा की मांग को लेकर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी ) ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। एआईएमटीसी की आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकाती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव और एनएचएआई अध्यक्ष को पत्र भेजकर मौजूदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सड़क परिवहन देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और देश में 70 प्रतिशत से अधिक माल परिवहन सड़क मार्ग से होता है। ऐसे में वाहनों की भार क्षमता में किसी भी बदलाव का सीधा असर ट्रांसपोर्ट उद्योग, सड़क सुरक्षा और राष्ट्रीय अवसंरचना पर पड़ सकता है।

**सड़क परिवहन देश की अर्थव्यवस्था की है रीढ़**



### उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति बनाने की मांग

पत्र में मांग की गई है कि इस विषय पर सड़क परिवहन मंत्रालय, एनएचएआई, एआरएआई, आईसीएटी, बीआईएस, वाहन निर्माता कंपनियों और ट्रांसपोर्ट संगठनों की संयुक्त विशेषज्ञ समिति गठित की जाए।
संगठन ने यह भी मांग की है कि किसी भी वाहन मॉडल की पेलोड क्षमता बढ़ाने से पहले री-होमोलोगेशन, स्ट्रक्चरल ड्यूरेबिलिटी टेस्ट, ब्रेक परफॉर्मेंस टेस्ट, व्हीकल स्टेबिलिटी टेस्ट, सस्पेंशन टेस्ट और टायर कंपैटिबिलिटी टेस्ट अनिवार्य किए जाएं। सीएल मुकाती ने कहा कि ट्रांसपोर्ट उद्योग पहले ही डीजल, टोल टैक्स, बीमा, वाहन वित्त, स्पेयर पार्ट्स और टायर की बढ़ती लागत से परेशान है।

### बिना पर्याप्त बदलाव बढ़े भार पर जताई चिंता

एआईएमटीसी ने कहा कि कुछ वाहन निर्माता कंपनियां समान चेसिस और प्लेटफॉर्म पर सीमित तकनीकी बदलाव कर पेलोड क्षमता बढ़ाकर नए मॉडल बाजार में ला रही हैं। संगठन का कहना है कि यदि वाहन की मूल इंजीनियरिंग, संरचनात्मक क्षमता और वैज्ञानिक परीक्षणों के अनुरूप बदलाव नहीं किए गए तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। पत्र में बताया गया कि अतिरिक्त भार से चेसिस, लीफ स्प्रिंग, एक्सल, गियर बॉक्स, क्लच, प्रोपेलर शाफ्ट, व्हील बेयरिंग, इंजन और ब्रेकिंग सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा, जिससे वाहन की उम्र कम होगी और रखरखाव खर्च बढ़ेगा। संगठन ने आशंका जताई कि पेलोड बढ़ने से टायरों पर दबाव बढ़ेगा।

## आधुनिकीकरण समय की आवश्यकता

# सुरक्षित बायोटेक कृषि को बढ़ावा देने के लिए नियामकीय सुधारों की मांग

**वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में जैव-प्रौद्योगिकी आधारित फसलों को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से अपनाने के लिए विज्ञान-आधारित नियामकीय सुधारों तथा मंजूरी प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। यह बात ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (टीएएएस ) द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर ) और फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई ) के सहयोग से आयोजित एक उच्च स्तरीय राउंडटेबल में सामने आई। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, बैठक में विशेषज्ञों ने सहमति जताई कि भारत की बायोटेक नियामक व्यवस्था को उच्च जैव-सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए अधिक प्रभावी, पारदर्शी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए। प्रतिभागियों ने कहा कि जीनोम एडिटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के अनुरूप नियामकीय ढांचे का आधुनिकीकरण समय की आवश्यकता है।

मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में ट्रांसजेनिक फसलों के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत बहु-स्तरीय नियामकीय व्यवस्था लागू है, जिसमें आरसीजीएम, जीईएसी, एफएसआईआई , आईसीएआर और अन्य संबंधित संस्थाएं शामिल हैं। आईसीएआर के महानिदेशक एवं डीएआरई के सचिव डॉ. एमजे सती ने कहा कि देश को ऐसी संतुलित नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है, जो खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, जलवायु अनुकूलन और सतत कृषि विकास के लिए आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा दे।

## प्रो.मनमोहन को विज्ञान महर्षी 2026 सम्मान

**पुणे।** इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी), मुंबई के पूर्व निदेशक, रॉयल सोसाइटी (यूके) के फेलो और पद्म विभूषण से सम्मानित प्रो. मनमोहन शर्मा को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और औद्योगिक अनुसंधान में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विज्ञान महर्षी पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे में आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक गोलमेज सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। विज्ञान महर्षी 2026' पुरस्कार के तहत प्रो. मनमोहन शर्मा को 5 लाख रुपए की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## एलएन आयुर्वेद कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

# आयुर्वेद अनुसंधान और सांख्यिकी से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएन आयुर्वेद कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज , आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम एआरएमएस 2026 (आयुर्वेद अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी) का सफल आयोजन किया गया। मध्यभारत में पहली बार आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में देशभर से आए रिसर्च स्कॉलर्स और फैकल्टी मेंबर्स को आयुर्वेद अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में शोध डिजाइन, सैंपल साइज कैलकुलेशन, डेटा



विश्लेषण, वैज्ञानिक लेखन सहित अनुसंधान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. एन. श्रीकांथ (डिप्टी डायरेक्टर जनरल, सीसीआरएएस , आयुष मंत्रालय), डॉ. अजीत सोनी, अभिजीत गोयल , डॉ. सपन जैन और डॉ. विशाल शिवहरे उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और आयुर्वेद क्षेत्र में वैज्ञानिक शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। इनमें डॉ. अतुल जुनेजा , डॉ. अनघा वी. रानाडे, डॉ. राकेश राणा और डॉ. अरुनभ त्रिपाठी शामिल रहे। विशेषज्ञों ने जटिल शोध विषयों को सरल तरीके से समझाते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. वर्षा वंजारी, डॉ. समीर पान, डॉ. प्रवीण खेरड़े, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. नेहा पुरोहित, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. मांडवी शर्मा सहित पीजी स्कॉलर्स डॉ. साक्षी श्रीवास्तव, डॉ. सुधा गौतम, डॉ. योगेश परमार और डॉ. राजीव मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

### धोनी बने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** दुनिया के चौथे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी का कहना है कि यह दीर्घकालिक साझेदारी पारदर्शिता, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और ग्राहक-प्रथम मूल्यों पर आधारित उसकी 'द रिस्पॉन्सिबल ज्वेलर' पहल को और मजबूत करेगी। मलाबार प्रॉमिसेज के अंतर्गत 100 प्रतिशत बीआईएस हॉलमार्कयुक्त आभूषण, प्राकृतिक हीरों की 28 गुणवत्ता जांच, बिना छिपे शुल्क के पारदर्शी मूल्य, गारंटीड बायबैक, आजीवन मेंटेनेंस, निःशुल्क बीमा और जिम्मेदार सोर्सिंग जैसी सुविधाएं ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती हैं। यह अभियान दुनिया भर में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के 450 से अधिक शोरूम्स के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचेगा। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि एमएस धोनी की ईमानदारी, अनुशासन और निरंतरता वही मूल्य हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO 439 DATE - 27/07/206 2026_UAD_524178_1 | रानी अवंती बाई 67 के अंतर्गत वार्ड के अंतर्गत कटियाघाट में छात्रावास के पीछे सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु रंगमंच का निर्माण कार्य। | 02 माह<br>3.39 | 2000/-<br>3390/- | 14/08/2026 |
| 2. | PRO 439 DATE - 27/07/206 2026_UAD_524178_ | रानी अवंती बाई 67 के अंतर्गत वार्ड के अंतर्गत दुर्गा नगर में श्री रंजीत झारिया के घर के पास में सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु रंगमंच का निर्माण कार्य। | 02 माह<br>1.69 | 2000/-<br>3380/- | 14/08/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधक विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/21/2026

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विविरण/विनिर्देशन् के लिए बेबसाईट http://ireps.gov.in "पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।


| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81265323 | मनुफेक्चर एंड सप्लाई ऑफ मेटल Liner as per ड्राविंग no. RDSO/T&8995 | 146714 नंबर्स | 03/08/2026 |
| 2 | 38261979 | हाई कैपेसिटी ड्राफ्ट गियर कम्पलीट | 943 नंबर्स | 17/08/2026 |
| 3 | 38262406 | इनर स्प्रिंग फॉर कस्नुब 22HS, बोगी TO | 14659 नंबर्स | 17/08/2026 |
| 4 | 30261656 | ड्राफ्ट योके (फैब्रिकेटेड डिजाइन) AS पैर ICF DRG. NO.T-2-1-012, ALT.-q/3 : मटेरियल कन्फर्मिंग TO RDSO SPEC- NO. C-9509, REV-02 | 566 नंबर्स | 25/08/2026 |
| 5 | 65255011 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ 15 TON कैपेसिटी EOT क्रेन as पैर अटैच्ड डाक्यूमेंट्स | 2 नंबर्स | 27/08/2026 |
| 6 | 61261119 | टी-मैक्स इन्सेर्ट्स सैंडविक पार्ट No. 175 32 301940 25 M 3015, विद्या पार्ट No. लंक्स | 9972 नंबर्स | 27/08/2026 |
| 7 | 65265007 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमिशनिंग ऑफ फ्लैट वर्क Ironer, रोलर साइज 800 x 3000 mm | 2 नंबर्स | 01/09/2026 |
| 8 | 38265015 | एण्ड स्तानचिओं फॉर बॉक्संहल | 1600 नंबर्स | 02/09/2026 |
| 9 | 30261502 | प्रोक्योरमेंट ऑफ इम्प्रोवेद हाई टेंसिल टाइट लॉक सेंटर बफर कौपलेर विथ AAR-H | 387 सेट | 07/09/2026 |
| 10 | 20264515 | ब्रेक शू कम्पलीट नॉमिनल | 24118 नंबर्स | 07/09/2026 |
| 11 | 65265006 | सप्लाई, इंस्टालेशन - कमीशनिंग ऑफ इलेक्ट्रिकली ऑपरेटेड सिंक्रोनिसद स्क्रू लिफ्टिंग जैक्स | 2 सेट | 08/09/2026 |
| 12 | 30261642 | गैंगवे ब्रिज मॉउंटिंग असेंबली | 603 नंबर्स | 09/09/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मुल्य वाली निविदओं के लिए इच्छुक फर्मो का www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)

कृते वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## शब्द पहेली - 6301



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 6300 का हल**



## सूडोकु बवाल - 6311

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल - 6310 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

# रक्षा मंत्री ने नीतिगत सुधारों का अनावरण किया, महिलाओं को मिलेंगे समान अवसर

## भारतीय तटरक्षक बल कर्मियों के लिए खुशखबर, दो महत्वपूर्ण नीतियां जारी की

समुद्र में लापता कर्मियों के लिए अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया को सरल बनाया

पहल से नारी शक्ति को राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा तंत्र में समान अवसर मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों का अनावरण किया है। इनका उद्देश्य अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता हुए कर्मियों के परिवारों को अनुग्रह राशि प्रदान करने की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### आईसीजी के असाधारण सेवा को सराहा


नीति सुधारों का अनावरण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने पिछले पांच दशकों में आईसीजी की असाधारण सेवा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये दूरदर्शी नीतियां बल के मनोबल और प्रचालनगत क्षमता को और सुदृढ़ करेंगी, क्योंकि यह 2027 में अपनी स्वर्ण जयंती की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आईसीजी को एक आधुनिक, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार समुद्री बल के रूप में मजबूत करने के संकल्प की पुष्टि की।

### पुरुषों के लिए एसएसए का विकल्प

पहली नीति निर्देश आईसीजी में अधिकारियों की भर्ती के लिए जेंडर-न्यूट्रल ढांचा लागू करके एक व्यापक, महिला-केंद्रित दृष्टिकोण स्थापित करती है। नीति की मुख्य विशेषताओं में महिला उम्मीदवारों को उनके पुरुष समकक्षों के समान अल्पकालिक सेवा नियुक्तियों (एसएसए) और स्थायी नियुक्तियों (पीए) में शामिल करना शामिल है। एसएसए का विकल्प पुरुष उम्मीदवारों के लिए भी खोल दिया गया है।

### महिलाओं को उच्च पदों पर पदोन्नति के अवसर मिल सकेंगे

महिला पीए अधिकारियों को भी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए विचार किया जाएगा। एसएसए पर कार्यरत वर्तमान महिला अधिकारियों को भी निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन अपनी सेवा को पीए में परिवर्तित करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा। यह प्रगतिशील कदम नारी शक्ति और राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा तंत्र में समान अवसर के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### लापता कर्मियों को मृत मानकर परिजनों को देंगे अनुदान

दूसरे नीतिगत सुधार से उन कर्मियों के परिजनों को राहत और प्रशासनिक सुगमता मिलेगी, जो दुर्भाग्यवश कर्तव्य निभाते हुए समुद्र में लापता हो जाते हैं। इस नीति की प्रमुख विशेषताओं में से एक यह अधिकार है कि कर्तव्य के दौरान समुद्र में लापता हुए आईसीजी कर्मियों को अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु 'मृत मान लिया जाए'। यह सुधार परिजनों को अनुग्रह राशि और अंतिम लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया को अत्यधिक सरल और त्वरित बनाता है।

### भारतीय सेना में बनेगी बस्तर रेजिमेंट!

भारतीय सेना में एक नए रेजिमेंट की स्थापना हो सकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को मंगलवार को एक जवाबी पत्र लिखकर यह भरोसा दिलाया है कि उपर्युक्त मामले की जांच करवाई जा रही है। 26 जून को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने रक्षा मंत्री को भेजे पत्र में लिखा था कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के जवान विगत वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दे चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### सांप्रदायिक तनाव के बीच नेपाल में कर्फ्यू जारी



**काठमांडू।** भारत सीमा से लगे नेपाल के सुनसरी जिले के कुछ हिस्सों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। जिले में सांप्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे, जिसके बाद से वहां तनाव बरकरार है। जिला प्रशासन कार्यालय सुनसरी ने बताया कि कई इलाकों में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू रहा। हरिनगर और देवगंज ग्रामीण नगरपालिकाओं के पूरे क्षेत्र में प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

### पेरिस में 3 महिलाओं को मारा चाकू, अरेस्ट



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में चाकू से हमले में तीन लोग घायल हो गए और एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को यह कहते हुए सुना गया कि यह अल्लाह है जिसने मुझे हुक्म दिया। हमले में घायल लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। इनमें से दो की हालत गंभीर है। यह हमला सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे उत्तर-पश्चिम पेरिस में हुआ, जहां दो किचन वाले चाकू से सड़क पर लोगों पर हमला किया।

## पीओजेके में कराए जा रहे विधानसभा चुनावों पर भारत की दो टूक

# यह अवैध कब्जे को वैध दिखाने की पाकिस्तान की एक नाकाम कोशिश

*पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं*

मानवाधिकारों के उल्लंघन को छिपाने की दिखावटी कोशिश

पीओजेके में लोगों का आर्थिक शोषण और दमन किया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पूरी कवायद पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश है।

जायसवाल ने कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जो इस समय पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे में हैं, भारत के अभिन्न अंग हैं। यह मौजूदा दिखावटी चुनावी प्रक्रिया पाकिस्तान के अवैध कब्जे पर पर्दा डालने और क्षेत्र में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को छिपाने की एक कोशिश मात्र है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शन वहां के लोगों के आर्थिक शोषण, उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम हैं।

### पाक सीमा पार आतंकवाद प्रायोजित कर रहा


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पाकिस्तान के युवाओं द्वारा भारत में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में आई रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत इस बात से भली-भांति अवगत है कि पाकिस्तान दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। जयसवाल ने जोर देकर कहा कि भारत के लोग, जिनमें जेन जी भी शामिल है, पाकिस्तान से अपने राज्य-प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके समकक्ष इस पर गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं।

### प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी, 19 की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को हालात और तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रावलकोट में विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इन घटनाओं में अब तक कम से कम 19 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी और प्रशासन के बीच बातचीत विफल होने के बाद हजारों लोग मुजफ्फराबाद की ओर मार्च के लिए निकल पड़े। प्रदर्शनकारी पिछले 52 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं और गिरफ्तार लोगों की रिहाई, दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

### चीन के साथ सीमा व्यापार शुरू करने पर बनी सहमति

भारत-चीन सीमा व्यापार पर जायसवाल ने कहा कि अगस्त 2025 में, दोनों पक्षों ने तीन निर्दिष्ट व्यापारिक बिंदुओं, यानी लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 27 से 28 जुलाई तक चीन की आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने बीजिंग में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सेंट्रल पार्टी स्कूल (नेशनल एकेडमी ऑफ गवर्नेंस) के उपाध्यक्ष ली वेनतांग से मुलाकात की और उन्हें एकेडमिक प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई।



#### चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर चर्चा

जायसवाल ने बताया कि विदेश सचिव ने चीन की विदेश मामलों की उप मंत्री हुआ चुनयिंग से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों पर समग्र रूप से चर्चा की और व्यापार और आर्थिक संबंधों, संस्कृति और जन-जन आदान-प्रदान के माध्यम से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणामों सहित, भारत और चीन को साझेदार और एक-दूसरे के लिए विकास के अवसर मानने वाले दोनों नेताओं के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के साधनों पर विचार-विमर्श किया। इस वार्ता के दौरान भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को स्वीकार किया गया।

## भारत-यूएस साझेदारी को मिलेगी मजबूती

# परमाणु ऊर्जा और एआई क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन


बैठक में चर्चा करते हुए एस पॉल कपूर

अमेरिकी विदेश विभाग के असिस्टेंट सेक्रेटरी एस. पॉल कपूर ने कहा है कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर अपनी रक्षा साझेदारी को बढ़ा रहा है। इसके साथ ही, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, एआई और दूसरी उभरती हुई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गहरा कर रहा है। हूवर इंस्टीट्यूशन में भारत पर आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में चर्चा के दौरान कपूर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का भारत के साथ जुड़ाव सप्लाई चेन को मजबूत करने के साथ-साथ अमेरिका में नौकरियां भी पैदा कर रहा है। कपूर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रंप प्रशासन में भारत के साथ अमेरिका का जुड़ाव देश के भीतर नौकरियां पैदा कर रहा है और उन सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है जो अमेरिका और इस क्षेत्र के लिए बहुत अहम हैं। हम रक्षा और सिविल न्यूक्लियर सहयोग का विस्तार कर रहे हैं, जिसमें एआई और अर्थव्यवस्था को गति देने वाली अन्य उभरती हुई टेक्नोलॉजी को अपनाना भी शामिल है।

### रक्षा संबंधों को लेकर फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध और मजबूत हो रहे हैं। पिछले साल, दोनों देशों ने जमीन, समुद्र, हवा, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस में रक्षा सहयोग और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करने के लिए एक फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले दो दशकों में भारत ने अमेरिका से रक्षा खरीद में काफी बढ़ोतरी की है। अपाचे, चिनूक हेलीकॉप्टर, सी-17, सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, पी-8I मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ़्ट और एम777 अल्ट्रा-लाइट होवित्ज़र जैसे हथियार और उपकरण हासिल किए हैं।

### एच-1बी वीजा होल्डर्स वाला बिल पेश

अमेरिका के कैलिफोर्निया की वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सीनेटर ने एलेक्स पडिला ने कहा कि उनका प्रस्ताव एक इमिग्रेशन नियम को मॉडर्नाइज करेगा जिसे 1986 से अपडेट नहीं किया गया है। इससे 80 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा हो सकता है। यह प्रस्ताव ड्रीमर्स (बचपन में अमेरिका लाए गए अप्रवासी), अस्थायी प्रोटेक्टेड स्टेटस (टीपीएस) धारकों, आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों और लंबे समय से वीजा पर रह रहे लोगों के बच्चों को कवर करेगा। यह उन उच्च-कुशल पेशेवरों के लिए भी राहत का रास्ता खोल सकता है, जिनमें एच-1बी वीजा धारक शामिल हैं और जो वर्षों से रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे हैं।

## कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री से भारतीय राजदूत की मुलाकात

# भारत और कनाडा ने समुद्री सहयोग और रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने पर जताई गई सहमति

एजेंसी ▶▶ ओटावा

भारत और कनाडा रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश के. पटनायक और कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी के बीच हुई बैठक में समुद्री सहयोग, डिफेंस कैपेसिटी-बिल्डिंग और ट्रेनिंग पर फोकस करते हुए चर्चा हुई। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि बातचीत समुद्री सहयोग को मजबूत करने, डिफेंस कैपेसिटी-बिल्डिंग और ट्रेनिंग को आगे बढ़ाने, और भारत-कनाडा रक्षा संबंधों को गहरा करने पर केंद्रित थी।


दिनेश के. पटनायक और डेविड मैकगिन्टी

### द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे

कनाडा में भारतीय उच्चायोग के अनुसार, दोनों पक्षों ने शांति, स्थिरता और मजबूत द्विपक्षीय जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को भी दोहराया। दोनों देश व्यापार, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, तकनीक और लोगों के बीच संबंध जैसे क्षेत्रों में लगातार सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह मुलाकात विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की पिछले हफ्ते मनीला में अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ हुई मुलाकात के बाद हुई है।

### लगातार सहयोग बढ़ा रहे

भारत और कनाडा के बीच लगातार सहयोग बढ़ रहा है। मंत्री स्तर और राजदूत स्तर की बातचीत दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा तय किए गए संबंधों के लक्ष्यों को पाने पर केंद्रित है। पिछले महीने, पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष, मार्क कार्नी ने फ्रांस के एवियन में चल रहे जी7 समिट के दौरान अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत और कनाडा के बीच संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की थी।

## जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप

# शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढही, 50 से अधिक लोग घायल, ट्रेनें भी पलटी

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

दक्षिणी जापान में 7.1 तीव्रता के भूकंप से व्यापक नुकसान हुआ है। कुमामोटो प्रांत में कई इमारतों में आग लग गई, ट्रेनें पटरी से उतर गईं और एक शॉपिंग मॉल को भी भारी नुकसान पहुंचा। जापान की पीएम सानए ताकइची ने मंगलवार को बताया कि कुमामोटो में राहत और बचाव अभियान के लिए अब तक करीब 3,600 सैन्यकर्मियों को तैनात किया गया है। इसे अलावा जापान सेल्फ डिफेंस फोर्स के 300 जवानों को भेजा जा रहा है। काशिमा शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे 50 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें कुछ लोग आंशिक रूप से ढहे शॉपिंग मॉल के अंदर फंसे हुए हैं। भूकंप के कारण 48 हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई सड़कों में दरारें आ गईं। कई जगहों पर इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कुछ जगहों पर नदी के ऊपर बने पुल टूट गए हैं। इसके अलावा ट्रेन के डिब्बे-इंजन पटरी से उतरकर पलट गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप शाम 4:27 बजे आया।



## साइबर फर्म 'अलिबी ग्लोबल' का खुलासा, आईबी को दी सूचना

# डार्क वेब पर डीआरडीओ का 31 जीबी डेटा 6.6 लाख रुपए में बेचा जा रहा, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक हैकर ने डार्क वेब पर कथित तौर पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना से जुड़े 31 जीबी बेहद संवेदनशील डेटा को करीब 6.6 लाख में बेचने की खौफनाक पेशकश की है। तिरुवनंतपुरम की साइबर सुरक्षा फर्म 'अलिबी ग्लोबल' ने यह खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 31 जीबी डेटा पिछले दो हफ्तों से डार्क वेब पर बिक्री के लिए विज्ञापित किया जा रहा है। इतना ही नहीं सबूत के तौर पर जारी किए गए कुछ सैंपल दस्तावेजों में वरिष्ठ वैज्ञानिकों के हस्ताक्षर और मंजूरी से जुड़ी प्रतिबंधित तकनीकी जानकारी होने का दावा किया गया है।



### डीआरडीओ रिपोर्ट की प्रामाणिकता जांच रहा

इस दावा के सामने आने के बाद जब इस मामले में डीआरडीओ के सूत्रों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे इस रिपोर्ट की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। बता दें, अलिबी ग्लोबल नामक कंपनी सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण संस्थानों को डार्क वेब मॉनिटरिंग की सेवाएं देती है। उनकी नियमित निगरानी के दौरान यह संवेदनशील डेटा नजर आया। अलिबी ग्लोबल के तकनीकी निदेशक वी.के. भद्रन ने बताया कि मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना 'इंटेलिजेंस ब्यूरो' (आईबी) को दे दी है। अब संबंधित सरकारी एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं कि डेटा वास्तव में कितना सही और संवेदनशील है।

## डिजिटल अरेस्ट ठगी में 'सुप्रीम' फैसला

# अब आसानी से नहीं मिलेगी जमानत आरोपी माना जाएगा डाकू और लुटेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में डिजिटल अरेस्ट (ऑनलाइन ठगी) के बढ़ते मामलों के बीच अब सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने इस मामले में अपना रुख साफ कर दिया है कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों में शामिल किसी भी आरोपी को आसानी से जमानत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने निचली अदालतों और हाईकोर्ट्स को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में केवल असाधारण कारणों पर ही जमानत पर विचार किया जाए, वरना राहत न दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पुलिस और जांच एजेंसियों को डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के मामलों में सख्त से



सख्त संगठित अपराध के कानून लगाने चाहिए। इन मामलों को आम धोखाधड़ी नहीं, बल्कि लूट और डकैती के बराबर माना जाना चाहिए। इसके अलावा अदालत ने चिंता जताई कि डिजिटल अरेस्ट आज के समय में लोगों, खासकर बुजुर्गों के खिलाफ किया जाने वाला सबसे खतरनाक अपराध है। इसमें ठग बुजुर्गों की जिंदगीभर की जमापूंजी और मेहनत की कमाई को तब ठग लेते हैं, जब उन्हें पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

## कश्मीर के उरी में एलओसी पर जोरदार धमाका!

# माइन ब्लास्ट में सेना के 2 जवान घायल, श्रीनगर लेकर आए


एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को देश की सुरक्षा में दिन-रात तैनात भारतीय सेना के दो जवान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुए एक जोरदार माइन विस्फोट में घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और सेना ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उरी के कामालकोट सब-सेक्टर में स्थित अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट के करीब हुआ। यह बेहद संवेदनशील इलाका है और यहां 12 इन्फैंट्री ब्रिगेड के तहत 8 राष्ट्रीय राइफल्स की टुकड़ी तैनात है। यह पूरा क्षेत्र उरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है।

*हादसा अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट के करीब हुआ*

*घायल जवान 8 राष्ट्रीय राइफल्स की टुकड़ी के*

### नियमित गश्त पर थे जवान



मंगलवार को जब जवान अपनी नियमित गश्त और ड्यूटी पर थे, तभी अचानक एक पुरानी माइन में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के इलाके में उसकी आवाज सुनी गई। इस विस्फोट की चपेट में आकर दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों की पहचान दफादार विजय कुमार (42 वर्ष) और नायक शरणप्पा अंगारी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों ही 8 राष्ट्रीय राइफल्स के बहादुर सिपाही हैं और लंबे समय से देश सेवा में लगे हुए हैं।

### सेना के बेस अस्पताल में इलाज जारी

घटना के तुरंत बाद साथी जवानों ने अदम्य साहस और जज्बे का परिचय देते हुए दोनों घायल जवानों को घटनास्थल से सुरक्षित निकाला। मौके पर ही प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें तुरंत हेलीकॉप्टर के जरिए श्रीनगर के बादामीबाग स्थित सेना के बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया। फिलहाल दोनों का इलाज बेस अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत पर सेना के वरिष्ठ डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### आतंकी साजिश नाकाम: पाक समर्थित मॉड्यूल का पर्दाफाश, 2 संदिग्ध अरेस्ट

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी शाहबाज अंसारी के एक और मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस अभियान के तहत दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार संदिग्धों के पास से एक सब-मशीन गन और तीन अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। इसके साथ ही 82 कारतूस भी जब्त किए गए हैं।



बरामद की गई सब-मशीन गन (एसएमजी) चेकोस्लोवाकिया में निर्मित है। यह हथियार पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत में लाया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी सलीम पिस्टल ने इसे पाकिस्तान से भारत पहुंचाया था। पुलिस ने बताया कि इसी मॉड्यूल के सदस्यों से पहले भी एक मशीन गन पकड़ी जा चुकी है।

## खबर संक्षेप



### विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिपः मलेशिया से हारी महिला टीम

**नई दिल्ली।** हाल ही में विश्व जूनियर चैंपियन बनी अनाहत सिंह ने अपना मुकाबला तो जीत लिया, लेकिन भारत की अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिससे महिला टीम को कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैंपियनशिप में मलेशिया से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के पहले दो मैच हारने के बाद अनाहत ने अंतिम मैच में व्हिटनी विल्सन को 11-2, 11-4, 11-5 से आसानी से हरा दिया। रुद्र सिंह पहले मैच में हरलीन टैन से 5-11, 4-11, 6-11 से हार गई जबकि अनिका दुबे को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में ये सान ली से 8-11, 11-8, 11-8, 10-12, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने अपने पहले मैच में चीनी ताइपे को 3-0 से हराया था। अब टीम का अगला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा, जबकि पुरुष टीम कुवैत के खिलाफ खेलेगी।

### 20 साल बाद पाकिस्तान पहुंची कोरियाई हॉकी टीम



**इस्लामाबाद।** कोरियाई हॉकी टीम 20 साल बाद पहली बार पाकिस्तान दौरे पर पहुंच गई है, जिसमें वह चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर टीम की अगवानी की। पाकिस्तान और कोरिया के बीच 30 जुलाई, 2,4 और 7 अगस्त को मैच खेले जाएंगे। यह श्रृंखला बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। पाकिस्तान ने हाल ही में अपनी टीम के लिए विदेशी कोच नियुक्त किए हैं। पाकिस्तानी टीम 8 साल बाद विश्व कप में भाग लेगी। पिछले साल प्रो लीग में पाकिस्तान एक भी मैच नहीं जीत सका था और नौवें तथा आखिरी स्थान पर रहा।

### आईएसएसएफ : सोनम और हिमांशु ने जीता कांस्य



**हांगझोउ।** राइफल निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लो ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता। भारत के अब इस विश्व कप में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं। सोनम ने 317.2 और हिमांशु ने 317.4 स्कोर किया और दोनों का कुल स्कोर 634.6 रहा। फाइनल में सोनम और हिमांशु ने 441.2 अंक बनाकर चीन वन और चीन टू के बाद कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल और पार्थ चौथे स्थान पर रहे।

### पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज ने बनाई बढ़त

**तारौबा।** वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजों के दबदबे के बीच अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट पर 126 रन बनाकर पाकिस्तान के खिलाफ 155 रन की बढ़त हासिल कर ली है। सबसे पहले जस्टिन ग्रीव्स ने लगातार 5 विकेट मेडन ओवर फेंकते हुए 27 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने अपने छह विकेट 38 रन पर गंवा दिए। इस तरह से शान मसूद (109) के सातवें टेस्ट शतक के बावजूद पाकिस्तान की टीम अपनी पहली पारी में 282 रन पर आउट हो गई। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भी कहर बरपाया और पहली पारी में 311 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया।

# इतिहास के शिखर पर कुशारे, ऊंची कूद में पहली बार भारत को रजत

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो


राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन कर राष्ट्रमंडल खेलों में इतिहास रच दिया हालांकि वह मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए। कुशारे ने 2.25 मीटर की ऊंचाई पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रोमेन बेकफोर्ड ने स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ी 2.25 मीटर के बाद 2.28 मीटर पार करने में असफल रहे, लेकिन काउंटबैक नियम के आधार पर बेकफोर्ड को विजेता घोषित किया गया। इंग्लैंड के जैक किमानी ने 2.20 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। अन्य भारतीय खिलाड़ी आदर्श राम 2.15 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### खेती के कचरे से बने लैंडिंग पिट पर करते थे अभ्यास

*इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में भारत का एकमात्र पदक तेजस्विन शंकर ने 2022 बर्मिंघम खेलों में कांस्य पदक के रूप में जीता था लेकिन 31 वर्षीय कुशारे ने रजत पदक जीतकर उस उपलब्धि को पीछे छोड़ दिया। महाराष्ट्र के नाशिक जिले के देवरगांव के रहने वाले कुशारे के पिता प्याज की खेती करते हैं । वह अपने पिता और बचपन के कोच के बनाए मक्के के छिलके, कपास और खेती के कचरे से बने कामचलाऊ लैंडिंग पिट का इस्तेमाल करके ऊंची कूद का अभ्यास करते थे।*

### ओलंपिक पदक जीतना चाहता हूं : कुशारे

सर्वेश कुशारे ने जीत के बाद कहा,' यह मेरा पहला पदक है । एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के प्रदर्शन से ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलती है। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहता हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा।' उन्होंने कहा,' एशियाई खेलों में मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है।'




## शर्मिला ने किया 20 साल का सूखा खत्म, जीता गोल्ड मेडल

दो वर्ष की उम्र में पोलियो का शिकार हुई शर्मिला धनकर राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली पैरा एथलीट बन गई, जिन्होंने महिला शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। चालीस वर्षीय शर्मिला ने 9.81 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पैरा एथलेटिक्स पदक के 20 साल के इंतजार को खत्म किया।



### मां की मदद से सपना हुआ पूरा : शर्मिला

शर्मिला ने जीत के बाद कहा ,'मैं बहुत खुश हूं। अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है और दो-तीन दिन लगेंगे। मेरी मां ने दुनिया से लड़कर मेरा सपना पूरा करने में मदद की। अगला लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है।'

### शिल्पा को विवाद के बाद मिला कांस्य पदक

*इस स्पर्धा में एक और भारतीय खिलाड़ी शिल्पा शायला को विवाद के बाद कांस्य पदक प्रदान किया गया। शिल्पा ने 7.26 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। शुरुआत में नाइजीरिया की यूचेरिया इयियाजी कांस्य पदक की स्थिति में थीं, लेकिन भारतीय दल की आपत्ति और आधिकारिक समीक्षा के बाद उनके एकमात्र वैध प्रयास को फाउल करार दिया गया। इसके बाद चौथे स्थान पर रहीं शिल्पा शायला को कांस्य पदक मिल गया। पदक में बदलाव की घोषणा के बाद भावुक शिल्पा ने शर्मिला के साथ जश्न मनाया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए।*

### तैराकी : बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में श्रीहरि

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की तैराकी स्पर्धा में 100 मीटर बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अनुभवी साजन प्रकाश क्वालीफाइंग राउंड में हीट (शुरुआती दौर) से ही बाहर हो गए। नटराज 55.58 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में पांचवें और कुल 13वें स्थान पर रहे। नटराज का 50 मीटर के बाद टाइमिंग 26.26 सेकंड था। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 53.77 सेकंड है, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। 25 वर्ष के नटराज भारत की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम में भी थे, जो फाइनल में छठे स्थान पर रही थी।



# श्रीलंका टेस्ट के लिए टीम का ऐलान सारांश को मौका, जडेजा की वापसी

**पहला टेस्ट 15 से 19 तक गॉल और दूसरा 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो में खेला जाएगा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चयनकर्ताओं ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दो टेस्ट मैच की यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। पहला टेस्ट 15 से 19 अगस्त तक गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो (एसएससी) में होगा। इस श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत 7 अगस्त से चार दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगा। मध्यप्रदेश के अनुभवी ऑफ स्पिनर सारांश जैन को श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया। हमने रविवार को खुलासा कर दिया था कि वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के कारण उनकी जगह 33 वर्षीय सारांश को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। वहीं जडेजा की टीम में वापसी हुई है।

### घरेलू क्रिकेट में सारांश का शानदार प्रदर्शन

वाशिंगटन की अनुपस्थिति में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को दाएं हाथ के उंगली के स्पिनर (ऑफ स्पिनर) की जरूरत थी, इसी वजह से सारांश को टीम में शामिल किया गया है। चंद्रकांत पंडित की कोचिंग में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम के प्रमुख सदस्य रहे लंबे कद के ऑफ-स्पिनर सारांश ने हाल ही में भारत ए के श्रीलंका दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मैचों में छह विकेट लेने के साथ एक पारी में नाबाद 70 रन भी बनाए थे। रविंद्र जडेजा और मानव सुथार दोनों बाएं हाथ के परंपरागत (ऑर्थोडॉक्स) स्पिनर हैं जबकि कुलदीप यादव बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर हैं, ऐसे में चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग में विविधता लाने के लिए ऑफ स्पिनर के रूप में सारांश का चयन किया।




### बुमराह और सुदर्शन टीम में शामिल

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान संन्यास लेने वाले आर अश्विन की जगह टीम में शामिल किए गए मुंबई के ऑलराउंडर तनुष कोटियन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए, जिससे उन्हें चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों का चयन अपेक्षित था। श्रीलंका ए के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट लेने वाले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने अपनी जगह बरकरार रखी है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज साई सुदर्शन को फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। टीम के श्रीलंका रवाना होने से पहले इस महीने के अंत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा।



### टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

# ताइपे ओपन : रौनक दूसरे दौर में रित्विक, शंकर और तुषार बाहर

**क्वालीफायर में भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन**

एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफायर में निराशाजनक रहा। केवल रौनक चौहान ही पुरुष एकल क्वालीफाइंग राउंड के दूसरे दौर में पहुंच पाए। क्वालीफायर में दूसरी वरीयता प्राप्त चौहान ने कनाडा के जोशुआ गुयेन को 21-15, 21-11 से हराया।

उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ से होगा। रौनक को छोड़कर पुरुष एकल क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य सभी भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।



### तुषार सुवीर ने पेश की कड़ी चुनौती

रित्विक संजीव जापान के क्वालीफायर में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रिकी ताकेई से 10-21, 11-21 से, जबकि शंकर सुब्रमण्यम अमेरिका के गैरेट टैन से 17-21, 10-21 से हार गए। तुषार सुवीर ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ से 19-21, 21-16, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### 2 अगस्त को सोल्जरथॉन राष्ट्रपति दिखाएंगी हरी झंडी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 अगस्त को राष्ट्रपति के अंगरक्षकों की 253 साल पुरानी विरासत का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाली पहली सोल्जरथॉन को हरी झंडी दिखाएंगी। सोल्जरथॉन का उद्घाटन कारगिल युद्ध के 27 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भी किया जाएगा। आयोजकों ने कहा, 'सोल्जरथॉन में अनुभवी धावक, परिवार, छात्र, संस्थान और कॉरपोरेट टीम भाग ले सकती हैं। इसमें 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। इस दौरान भारतीय सेना सैन्य प्रदर्शन भी करेगी। राष्ट्रपति का अंगरक्षक दस्ता दुनिया का एकमात्र एयरबोर्न कैवेलरी रेजिमेंट है और भारतीय सशस्त्र बलों की सबसे सीनियर रेजिमेंट है।

**फुटबॉल**

# फ्रेंच फुटबॉल के लीजैंड जिनेदीन जिदान बने फ्रांस टीम के कोच




एजेंसी ▶▶| पेरिस

अपने करिश्माई खेल से महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले जिनेदीन जिदान को फ्रांस का नया कोच बनाया गया है, जो दिदियेर देसचैम्प्स की जगह लेंगे।

फ्रांस फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष फिलिपे दियालो ने एफएफएफ के मुख्यालय पर यह घोषणा की। जिदान के साथ 4 साल का अनुबंध किया गया है। उन्होंने कहा,' यह असाधारण पल है। उस व्यक्ति की वजह से जो मेरे बगल में बैठा है। जिनेदीन फ्रेंच फुटबॉल के लीजैंड रहे हैं और कई साल से वह कहते आए हैं कि उनका एक सपना फ्रांस टीम की बागडोर संभालना है।' 54 वर्ष के जिदान 2021 में रीयाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम के कोच नहीं है।

### मैं चुनौती के लिए तैयार हूं : जिदान

जिदान ने कहा,' मेरे लिए यह एक सपना है। पांच साल जब मैं कोचिंग नहीं कर रहा था तो मेरे पास एक क्लब का प्रस्ताव था, जिसे मैने फ्रांस टीम के लिए ठुकरा दिया। मैं सिर्फ फ्रांस का कोच बनना चाहता था।' उन्होंने कहा,' मेरे कई जज्बात इससे जुड़े हैं। मैं चुनौती के लिए तैयार हूं । इससे मुझे प्रेरणा मिलती है।' स्पेन के हाथों विश्व कप सेमीफाइनल हारने के बाद देसचैम्प्स 14 साल के कार्यकाल के बाद फ्रांस टीम के कोच के पद से हट गए थे। जिदान ने कहा,' आज मेरे पास इस टीम की बागडोर है और मैं इसे शिखर तक पहुंचाने में सब कुछ झोंक दूंगा। मुझे खेल से प्रेरणा मिलती है। मैं दस नंबर की जर्सी पहनता था और मुझे गोल करना पसंद था।

**एशियाई और 2028 ओलंपिक खेलों पर है फोकस**

# हार्वर्ड इंतजार करेगा, ओलंपिक नहीं, अनाहत का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व जूनियर चैंपियन स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने खुलासा किया है कि उन्होंने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए तैयारियों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने की योजना फिलहाल टाल दी है।

अनाहत भी अपनी बड़ी बहन अमीरा के नक्शेकदम पर चलकर हार्वर्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती है। लेकिन अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अपना सारा ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी में लगाना चाहती है।



### सिंधू को मानती हैं आदर्श

*अनाहत ने कहा- पीवी सिंधू को अपना आदर्श मानती हैं, जो उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने ओंटारियो में उनकी ऐतिहासिक जीत पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी थी। पीवी सिंधू से बधाई संदेश मिलना महत्वपूर्ण था। मैं लगभग चार या पांच साल की उम्र से उनका अनुसरण कर रही हूं और जब से मैंने खेल जगत में कदम रखा है, वह मेरे लिए प्रेरणा रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मिस्र का बुनियादी ढांचा बहुत अच्छा है और इसलिए वह सर्वश्रेष्ठ है। पिछली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप मिस्र में हुई थी पर मैं उनकी तैयारी को देखकर हैरान थी। वे रात 10-11 बजे तक खेल रहे थे।'*

### पढ़ाई की जगह खेल को तवज्जो

अनाहत ने कहा, 'मुझे इस साल कॉलेज जाना था, लेकिन एशियाई खेलों के कारण मैंने एक साल का ब्रेक लेने का फैसला किया। अब मुझे समझ आ गया है कि लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिहाज से यह साल मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'मेरे कहने का मतलब यह है कि मैं इस साल पढ़ाई के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं इस साल सिर्फ स्क्वाश पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि ओलंपिक में भाग लेने से पहले मैं अपने चरम पर रहूं।'' विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद अनाहत का लक्ष्य अब सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं।

### ओलंपिक में खेलना है सपना

अनाहत ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों में भाग लेने वाली लगभग प्रत्येक खिलाड़ी के खिलाफ खेल चुकी हूं। मैं अब अपना पूरा ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहती हूं। अगर मुझे ओलंपिक में खेलने का मौका मिलता है तो यह सपना सच होने जैसा होगा।' अनाहत ने रैकेट खेलों में अपना सफर बैडमिंटन से शुरू किया और बाद में स्क्वाश को अपनाया।

## हाईकोर्ट ने जारी किए अहम दिशा-निर्देश, पूरे प्रदेश में होगा पालन

# 980 रुपये के साइबर फ्राड पर 2.51 करोड़ का बैंक खाता फ्रीज नहीं कर सकते

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने साइबर फ्राड मामलों में बैंक खाते फ्रीज करने की प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि विवादित राशि स्पष्ट रूप से चिन्हित हो तो पूरे बैंक खाते को फ्रीज करना उचित नहीं है। जांच एजेंसियां यथासंभव केवल संदिग्ध राशि पर लियन या डेबिट फ्रीज लगाएं। पूरे खाते को फ्रीज करना केवल असाधारण परिस्थितियों में ही किया जा सकता है और उसके लिए कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा।

यह व्यवस्था जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने भोपाल निवासी अर्चना शिवहरे की याचिका पर दी। याचिकाकर्ता नर्मदापुरम में सात कंपोजिट शराब दुकानों की लाइसेंसधारी हैं। उनके चालू खाते में 2.51 करोड़ से अधिक राशि थी, जबकि साइबर फ्राड से जुड़ा संदिग्ध ट्रांजेक्शन महज 980 रुपये का था। इसके बावजूद बैंक ने पूरा खाता फ्रीज कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से ने तर्क दिया गया कि जांच के लिए केवल विवादित राशि सुरक्षित रखी जाए और शेष राशि



के संचालन की अनुमति दी जाए। हाई कोर्ट ने कहा कि बैंक केवल आदेश का पालन करने वाली संस्था नहीं हैं, बल्कि शिकायत निवारण प्रक्रिया का पहला माध्यम भी हैं। बैंक खाताधारक को फ्रीजिंग का कारण और उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी देंगे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि शिकायत सात दिन में पोर्टल पर अपलोड हो, जांच अधिकारी 15 दिन में निर्णय दें और शिकायत स्वीकार होने पर बैंक 48 घंटे के भीतर खाता चालू करें। राज्य सरकार को आदेश की प्रति सभी बैंकों, पुलिस थानों और साइबर क्राइम इकाइयों को भेजकर पूरे प्रदेश में इन दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कॉलेज के संविदा कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग में भेजने पर हाई कोर्ट की रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने शासकीय कालेज के संविदा कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग व्यवस्था में भेजे जाने की कार्रवाई पर अंतरिम राहत प्रदान की है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी। नौगांव, छतरपुर निवासी याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रवीण वर्मा व डा. ज्योति वर्मा ने पक्ष रखा। कर्मचारियों का आरोप है कि उनकी नियुक्ति वर्ष 2024 में संविदा आधार पर हुई थी, लेकिन कालेज प्रबंधन उन पर यह लिखित सहमति देने का दबाव बना रहा था कि वे अपनी इच्छा से आउटसोर्सिंग व्यवस्था में जाना चाहते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि ऐसा नहीं करने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी जा रही थी। याचिका में कहा गया कि नियुक्ति की मूल सेवा शर्तों में एकतरफा बदलाव नहीं किया जा सकता। इस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य शासन सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। साथ ही अंतरिम आदेश में याचिकाकर्ताओं को शासकीय बापू कालेज, नौगांव में यथावत कार्य जारी रखने की अनुमति दी है।

### दस्तावेजों के बावजूद गिरफ्तारी पर जताई नाराजगी

## मुंबई में रह रहा व्यक्ति सतना में वारदात कैसे कर सकता है

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सतना पुलिस की विवेचना पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति घटना के समय मुंबई में रह रहा था, तो वह सतना में अपराध कैसे कर सकता है। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि पुलिस अधिकारी का दायित्व है कि उपलब्ध दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच करें। यदि आरोपित के पक्ष में इतने सारे दस्तावेज मौजूद थे, तो यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उसे आखिर किस आधार पर गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामले में सतना निवासी सतीश कुमार त्रिपाठी की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की।

कोर्ट के समक्ष आरोपित की ओर से अधिवक्ता अक्षय नामदेव ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि घटना की सात सितंबर, 2025 को वह मुंबई में रह रहा था। उसने मुंबई में निवास, मोबाइल की लाइव लोकेशन, फोटो और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए। पुलिस के नोटिस पर वह स्वयं मुंबई से सतना आया और जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा, लेकिन इसके बावजूद केवल वाहन का पंजीकृत स्वामी होने के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हाई कोर्ट ने माना कि आवेदक घटनास्थल पर नहीं मिला था और उसकी गिरफ्तारी मुख्यतः वाहन स्वामित्व के आधार पर हुई। इन परिस्थितियों व विचारण में समय लगने की संभावना को देखते हुए कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया।

### मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, जवाब तलब

# बच्चों से धुलवाई जा रहीं थीं मिड-डे मील की थालियां

**जबलपुर।** ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूलों में विद्यार्थियों के स्वागत के दावों के बीच जबलपुर जिले की एक शासकीय शाला से बच्चों से मिड-डे मील की थालियां धुलवाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारी से दो सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन तलब किया है।



जानकारी के अनुसार नागपुर रोड स्थित टोल नाला से करीब एक किलोमीटर दूर बहोरीपार शासकीय एकीकृत शाला में मध्यान्ह भोजन के बाद विद्यार्थियों से थालियां धुलवाई जा रही थीं। जबकि यह कार्य स्कूल में नियुक्त हेल्पर का है। आरोप है कि हेल्पर की नियुक्ति होने के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर लगे हैंडपंप तक जाकर थालियां साफ करनी पड़ती हैं।

मामले का एक और चिंताजनक पहलू यह है कि बच्चों को जर्जर घोषित भवन में बैठाकर भोजन कराया जा रहा है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मीडिया में प्रकाशित खबर के आधार पर आयोग की मुख्य पीठ, भोपाल ने जनहित में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने प्रथम दृष्टया इसे मानव अधिकारों के हनन का मामला मानते हुए जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी को मामले की जांच कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब आयोग की कार्रवाई के बाद यह देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग क्या कदम उठाता है।

## सीएम हेल्पलाइन निवारण में निगम को मिला 'ए-ग्रेड'

**जबलपुर।** नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण में जबलपुर नगर निगम ने प्रदेशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नई उपलब्धि हासिल की है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी जून-2026 की रैंकिंग में नगर निगम जबलपुर को 'ए-ग्रेड' प्रदान किया गया है। जारी आंकड़ों के अनुसार, नगर निगमों की श्रेणी में जबलपुर नगर निगम ने 99.25 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ निकायों में अपना स्थान बनाया है। सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज नागरिकों की शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगर निगम जबलपुर को आधिकारिक प्रशंसा-पत्र जारी किया है। प्रशंसा-पत्र में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा गया है कि उन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेकर नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया।

### अनैतिक गतिविधियों के आरोपों पर प्रदर्शन

## होटल के बाहर फूटा रहवासियों का गुस्सा

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर के लाल बाबा क्षेत्र स्थित ओयो सिटी मैक्स होटल के बाहर मंगलवार को स्थानीय रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों के साथ-साथ बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने होटल के सामने प्रदर्शन करते हुए पुलिस और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि होटल में लंबे समय से कथित अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं और कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।



रहवासियों का कहना है कि होटल में संदिग्ध लोगों का लगातार आना-जाना बना रहता है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उनका आरोप है कि आसपास रहने वाले परिवारों, महिलाओं और बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार पुलिस और प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी नाराजगी के चलते बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक होटल के बाहर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने होटल की जांच कराने, कथित अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने और यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और जिला प्रशासन का घेराव भी किया जाएगा। हालांकि, यह उल्लेखनीय है कि होटल के संबंध में लगाए गए अनैतिक गतिविधियों के आरोप स्थानीय नागरिकों द्वारा लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अब यह पुलिस और जिला प्रशासन की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि शिकायतों में कितनी सच्चाई है और आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

# कोयले से लदा ट्रक पलटा, 2 गंभीर

### घंटों बाधित रहा यातायात

**जबलपुर।** दमोह से कोयला लेकर जबलपुर आ रहा एक ट्रक गत दोपहर कटंगी रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक का चालक और परिचालक केबिन में बुरी तरह फंस गए। दोनों को गंभीर हालत में बाहर निकालकर पहले कटंगी अस्पताल और बाद में मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार यह हादसा दोपहर करीब एक बजे सिंग्रामपुर स्थित बाबा स्थल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि



ट्रक चालक मोनू धनगर जब कटंगी की ओर बढ़ रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार में लहराते हुए आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में उसने ट्रक को अचानक सड़क किनारे मोड़ा। इससे चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और कोयले से लदा ट्रक सड़क पर पलट गया।

हादसे के बाद ट्रक में भरा कोयला सड़क पर फैल गया, जिससे दमोह-जबलपुर मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया। ट्रक के केबिन में फंसे चालक और परिचालक 24 वर्षीय भरत यादव निवासी ललितपुर (उत्तर प्रदेश) को कांच तोड़कर बाहर निकाला गया। दोनों गंभीर रूप से घायल थे और उन्हें तत्काल कटंगी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ट्रक को सड़क से हटवाया और बिखरे कोयले को साफ कराया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### पति और सास पर मामला दर्ज

## नवविवाहिता दहेज प्रताड़ना की शिकार

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति और सास के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एकता विहार कॉलोनी सुहागी निवासी 26 वर्षीय पायल तिवारी की शादी 21 नवंबर 2025 को अंचल दुबे से हुई थी। विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद करीब एक माह तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पति अंचल दुबे और सास सुनीता दुबे कम दहेज लाने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पति शराब के नशे में आए दिन गाली-गलौज और मारपीट करता था। पीड़िता ने बताया कि प्रताड़ना से तंग आकर वह कुछ समय के लिए मायके चली गई थी। बाद में पति उसे वापस ससुराल ले आया, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शिकायत के आधार पर अधारताल थाना पुलिस ने पति अंचल दुबे और सास सुनीता दुबे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### विवाद के बाद निरस्त हुई थी चुनाव प्रक्रिया, हाई कोर्ट की निगरानी और स्टेट बार काउंसिल की तदर्थ समिति के बीच हुआ पुनर्मतदान

# जिला बार चुनाव में 80.84 प्रतिशत हुआ मतदान, आज होगी मतगणना

**जबलपुर।** लगभग एक सप्ताह तक विवादों, न्यायिक हस्तक्षेप और नई निर्वाचन व्यवस्था के बाद जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर का वर्ष 2026-28 का पुनर्मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। कुल 3315 मतदाताओं में से 2680 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो लगभग 80.84 प्रतिशत मतदान है। अब बुधवार, 29 जुलाई को सुबह 11 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने बताया कि पूरे मतदान के दौरान किसी प्रकार की शिकायत सामने नहीं आई। सभी प्रत्याशी और मतदाता मतदान व्यवस्था से संतुष्ट रहे। मतदान प्रक्रिया का बड़े एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया गया, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में नामित न्यायिक अधिकारियों सुनील कुमार, डा. आरती शुक्ला पांडे, प्रवेंद्र सिंह व ऋषिराज मिश्रा ने पूरे समय चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की।



इस चुनाव को संपन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय के साथ चुनाव अधिकारियों व पर्यवेक्षकों की टीम व एमपी स्टेट बार काउंसिल द्वारा गठित तदर्थ समिति ने पूरी प्रक्रिया का संचालन किया। तदर्थ समिति के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी व सहसंयोजक राजकुमार दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली।

गौरतलब है कि 20 जुलाई को हुए मतदान के दौरान कुछ बैलेट पेपर पहले से सील लगे होने और मतपत्रों की अव्यवस्थित तैयारी के आरोप लगने के बाद बार परिसर में भारी हंगामा हुआ था। विरोध के बीच मतदान रोकना पड़ा और तत्कालीन निर्वाचन अधिकारी जीएस ठाकुर ने स्वयं को दायित्व से मुक्त कर लिया था। बाद में एमपी स्टेट बार काउंसिल ने पूरी चुनाव प्रक्रिया निरस्त करते हुए सात सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की और नए सिरे से निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्णय लिया।

इसी बीच चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर दायर याचिका पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किए। अदालत ने मतपत्रों, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि विवादित घटनाक्रम की स्वतंत्र जांच हो सके।

पुनर्मतदान से पहले निर्वाचन प्रबंधन को पूरी तरह बदला गया। मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती, लाइव प्रसारण, मोबाइल प्रतिबंध, मतपत्र की फोटो लेने पर रोक, फर्जी मतदान रोकने के विशेष इंतजाम तथा दिव्यांग व वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए व्हीलचेयर जैसी व्यवस्थाएं की गईं। इन उपायों का असर मतदान के दौरान स्पष्ट दिखाई दिया और पूरी प्रक्रिया बिना किसी विवाद के संपन्न हो गई। अब अधिवक्ताओं की नजर बुधवार को होने वाली मतगणना पर है। अध्यक्ष, सचिव, महिला उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, पुस्तकालय सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना क्रमवार की जाएगी। सभी पदों की मतगणना पूरी होने के बाद जिला अधिवक्ता संघ के नए पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

## पनागर पुलिस ने पिस्टल व कारतूस के साथ आरोपी दबोचा

जबलपुर। पनागर पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना पनागर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उर्दुआ खुर्द निवासी 35 वर्षीय रमन पटेल को उसके घर के पास से पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने हथियार ग्राम बरबटी निवासी जितू महोबिया से 35 हजार रुपये में खरीदना बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रात में रिमझिम, शाम को झमाझम बरसे बादल, अगले 24 घंटों के दौरान बारिश का अलर्ट

**जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी से आ रहे मानसून के छोटे-छोटे सिस्टमों ने जबलपुर संभाग में जमकर दरियादिली दिखाई। जबलपुर में सोमवार की देर रात से शुरू हुई रिमझिम बारिश का जो दौर शुरू हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई लगभग एक इंच वर्षा ने शहर को तरबतर कर दिया। सुबह के वक्त हुई बारिश ने स्कूल जाने वाले बच्चों की परेशानी बढ़ाई तो वहीं पूर्वान्ह रिमझिम बारिश के बीच अलसाये हुये माहौल में सरकारी दफ्तर खुले। मौसम विभाग की मानें तो अभी दो-तीन दिनों तक कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश का दौर जारी रहेगा। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा



होने की चेतावनी दी गई है। शहर में पिछले 24 घंटों से जारी अनवरत वर्षा के कारण शहरों के हाल बदहाल हो गये हैं। निचली बस्तियां जलमग्न हो गई हैं, वहीं कीचड़ और गंदगी से सड़कें पट गईं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवात के प्रभाव से कल रात से रिमझिम बारिश शुरू हुई और कुछ देर अच्छी वर्षा भी हुई। उसके बाद पूरे दिन बादल आते जाते रहे। शीतल बयारों ने रात में उमस से राहत दी। मंगलवार को सुबह बादलों के बीच में सूर्य भगवान निकले, फिर बादलों की ओट में छिप गए। शाम को आधा घंटे झमाझम बारिश हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः 86 प्रतिशत और सायंकाल 88 प्रतिशत आंकी गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 26.3 और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री रहा। सूर्योदय सुबह 5.40 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.54 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 25.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस मानसून सत्र में 1 जून से अब तक कुल वर्षा 289.8 मिलीमीटर (लगभग 11 इंच) दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन वर्षा 0.6 मिलीमीटर हुई थी और कुल वर्षा 673.4 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी थी। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज वर्षा होने के आसार है।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अविंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240